संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, मंगलवार, 12 मार्च 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
वर्षः 13 अंकः 70 पृष्ठः 12
RNI : HPHIN/2012/48072
actionindiauna@gmail.com
हिमाचल संस्करण
दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



दिल्ली में आयोजित 'सशक्त नारी-विकसित भारत कार्यक्रम' के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 1000 दीदीयों को ड्रोन सौंपा।

# देश में नागरिकता संशोधन कानून लागू

= तीन मुल्कों के छह प्रवासी समुदायों को मिलेगी नागरिकता, सीएए के नियम तैयार करने के लिए गृह मंत्रालय को सातवीं बार विस्तार प्रदान किया गया था

**आवेदन**

8 पोर्टल भी तैयार कर लिया गया है, गैर मुस्लिम प्रवासी समुदाय के लोग नागरिकता पाने के लिए आवेदन करेंगे

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** देश में 'नागरिकता संशोधन अधिनियम' (सीएए) के नियम लागू हो गए हैं। केंद्र सरकार ने सोमवार शाम को नागरिकता संशोधन अधिनियम को लेकर अधिसूचना जारी कर दी है। इसके लिए पोर्टल भी तैयार कर लिया गया है, जिसके जरिए गैर मुस्लिम प्रवासी समुदाय के लोग नागरिकता पाने के लिए आवेदन कर सकेंगे। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा इसके लिए पूरी तैयारी कर ली है। कुछ दिन पहले ही केंद्रीय गृह मंत्रालय को नागरिकता संशोधन अधिनियम, 2019 के नियमों को तैयार करने के लिए लोकसभा में अधीनस्थ कानून पर संसदीय समिति की तरफ से एक और विस्तार मिला था। पहले के सेवा विस्तार की अवधि नौ जनवरी को खत्म हो गई थी। सीएए के नियम तैयार करने के लिए गृह मंत्रालय को सातवीं बार विस्तार प्रदान किया गया था। इससे पहले राज्यसभा से भी गृह मंत्रालय को उक्त विषय पर नियम बनाने व लागू कराने के लिए 6 महीने का विस्तार मिला था। सीएए नियमों के तहत ऑनलाइन पोर्टल के जरिए आवेदन मांगे जाएंगे। इस प्रक्रिया का काम पूरा हो चुका है। नागरिकता संशोधन अधिनियम के नियमों के तहत भारत के तीन मुस्लिम पड़ोसी देश, जिनमें पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान शामिल हैं, से आए गैर मुस्लिम प्रवासी लोगों के लिए भारत की नागरिकता लेने के नियम आसान हो जाएंगे। इन छह समुदायों में हिंदू, ईसाई, सिख, जैन, बौद्ध और पारसी, शामिल हैं। नागरिकता संशोधन विधेयक 11 दिसंबर, 2019 को संसद द्वारा पारित किया गया था। एक दिन बाद ही इस विधेयक को राष्ट्रपति की सहमति मिल गई थी।









## सीएए में अब तक मुस्लिमों को क्यों नहीं जोड़ा गया?

**गृहमंत्री** अमित शाह ने नागरिकता संशोधन कानून को लेकर संसद में बताया था कि अफगानिस्तान, पाकिस्तान और बांग्लादेश मुस्लिम देश हैं। वहां धर्म के नाम पर बहुसंख्यक मुस्लिमों का उत्पीड़न नहीं होता है, जबकि इन देशों में हिंदुओं समेत अन्य समुदाय के लोगों को धर्म के आधार पर प्रताड़ित किया जाता है। इसलिए इन देशों के मुस्लिमों को नागरिकता कानून में शामिल नहीं किया गया है। हांलाकि, इसके बाद भी वह नागरिकता के लिए आवेदन कर सकते हैं, जिस पर सरकार विचार कर फैसला लेगी।

## नागरिकता के लिए कैसे करें आवेदन?

**नागरिकता** पाने की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन ही रखी गई है। जिसे लेकर एक ऑनलाइन पोर्टल भी तैयार किया जा चुका है। नागरिकता पाने के लिए आवेदकों को अपना वह साल बताना होगा जब उन्होंने बिना किसी दस्तावेज के भारत में प्रवेश किया था। आवेदक से किसी तरह का कोई दस्तावेज नहीं मांगा जाएगा। नागरिकता से जुड़े जितने भी मामले लंबित उन सबको ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिया जाएगा। पात्र विस्थापितों को सिर्फ ऑनलाइन पोर्टल पर जाकर अपना आवेदन करना होगा। जिसके बाद गृह मंत्रालय आवेदन की जांच करेगा और आवेदक को नागरिकता जारी कर दी जाएगी।

**क्या है यूनिफॉर्म सिविल कोड?**

यूनिफॉर्म सिविल कोड को लेकर एक बार फिर से चचाएं तेज हो गई हैं। सरकार ने इसे लागू करने के संकेत दे दिए हैं जिसके बाद से ही यूसीसी को लेकर लोगों के बीच चर्चा हो रही है। बता दें कि यूसीसी में देश में सभी धर्मों, समुदायों के लिए एक सामान, एक बराबर कानून बनाने की बात की गई है। आसान भाषा में समझें तो इस कानून का मतलब है कि देश में सभी धर्मों, समुदाओं के लिए कानून एक समान हो जाएगा।

## सीएए कब हुआ था पारित?

**सीएए** को भारतीय संसद में 11 दिसंबर, 2019 को पारित किया गया था, जिसमें 125 वोट इसके पक्ष में पड़े थे और 105 वोट इसके खिलाफ थे। राष्ट्रपति द्वारा इस विधेयक को 12 दिसंबर को मंजूरी भी दे दी गई थी। मोदी सरकार और उसके समर्थक जहां इसे ऐतिहासिक कदम बता रहे हैं, वहीं विपक्ष, मुस्लिम संगठन द्वारा इसका काफी विरोध किया जा रहा हैं। नागरिकता संशोधन कानून है। राष्ट्रपति की मुहर लगने के बाद ये बिल नागरिक संशोधन कानून यानी एक्ट बन गया है।

## 'हम लोकसभा चुनाव से पहले अशांति नहीं...'

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाताः** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी ने लोकसभा चुनाव से पहले सोमवार को सीएए, एनआरसी को लेकर बड़ा बयान दिया। मुख्यमंत्री ममता ने कहा कि अगर नागरिकता संशोधन अधिनियम लोगों के साथ भेदभाव करता है तो वह इसका विरोध करेंगी। उन्होंने कहा , "सीएए, एनआरसी बंगाल और पूर्वोत्तर राज्यों के लिए संवेदनशील है। साथ ही ममता ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले हम अशांति नहीं चाहते।"

**भेदभाव करने वाली किसी भी चीज का विरोध करेंगे- ममताः** सीएम ममता बनर्जी ने आगे कहा कि एनआरसी और सीएए के नाम पर लोगों को डिटेंशन कैंप में भेजा जाएगा तो वो विरोध करेंगी। सीएए नियमों को अधिसूचित किए जाने की अटकलों पर बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कहा, "लोगों के साथ भेदभाव करने वाली किसी भी चीज का विरोध करेंगे।"

## पहले मुझे नियमों को देखने दीजिएः सीएम



**सीएए** नियमों को अधिसूचित करने की संभावना पर सीएम ममता ने कहा, "पहले मुझे नियमों को देखने दीजिए। अधिसूचना अभी तक जारी नहीं की गई है। अगर लोगों को नियमों के तहत उनके अधिकारों से वंचित किया जाता है, तो हम इसके खिलाफ लड़ेंगे। यह चुनाव के लिए बीजेपी का प्रचार है, इसके सिवा कुछ नहीं है।"

**क्या है सीएम और इससे किसे मिलेगी नागरिकताः** लोकसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान से पहले मोदी सरकार ने बड़ा सियासी दांव चल दिया है। केंद्र सरकार ने नागरिकता संशोधन कानून का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है।

**क्या है नागरिकता संशोधन कानून?:** सीएए नागरिकता संशोधन कानून 2019, तीन पड़ोसी देशों (पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश) के उन अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता देने का रास्ता खोलता है, जिन्होंने लंबे समय से भारत में शरण ली हुई है।

इस कानून में किसी भी भारतीय, चाहे वह किसी मजहब का हो, की नागरिकता छीनने का कोई प्रावधान नहीं है। भारत के मुस्लिमों या किसी भी धर्म और समुदाय के लोगों की नागरिकता को इस कानून से कोई खतरा नहीं है।

## आदर्श विचार



"ध्यान का अर्थ है भीतर से मुस्कुराना।"

भागवद्

## मन की बात



"सत्य को हजार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।"

स्वामी विवेकानंद

## तीसरी आंख





## संदेशखाली मामले में सीबीआई जांच जारी रहेगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) अधिकारियों पर हमले से संबंधित संदेशखाली मामले में सीबीआई जांच का निर्देश देने वाले कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका पर सुनवाई की।

## तीसरा कार्यकाल महिला सशक्तिकरण पर एक नया अध्याय लिखेगाः पीएम मोदी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए आज एक और पहल की गई। दरअसल, दिल्ली में आयोजित 'सशक्त नारी-विकसित भारत कार्यक्रम' के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 1000 दीदीयों को ड्रोन सौंपा।

**11 विभिन्न स्थानों से पहुंची महिलाएं :** प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के अनुसार, यह कार्यक्रम भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में आयोजित किया गया है। इसमें देशभर के 11 अलग-अलग स्थानों से नमो ड्रोन दीदीयां शामिल हुआ हैं। यह योजना महिलाओं को आधुनिकता के साथ एग्रीकल्चर में अपना योगदान देने के लिए शुरू किया गया है। इसके लिए सरकार फ्री में ट्रेनिंग भी दे रही है।



**'3 करोड़ लखपति दीदी के आंकड़े पार करने का उद्देश्य':** पीएम मोदी ने कहा, "आज का ये कार्यक्रम महिलासशक्तीकरण के लिहाज से बहुत ऐतिहासिक है। आज मुझे नमो ड्रोन दीदी अभियान के तहत 1 हजार आधुनिक ड्रोन महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों को सौंपने का अवसर मिला है। मैंने ये फैसला लिया कि हमें अब 3 करोड़ लखपति दीदी के आंकड़े को पार करना है। इसी उद्देश्य से आज 10 हजार करोड़ रुपये की राशि भी इन दीदियों के खाते में ट्रांसफर की गई है।" पीएम मोदी ने कहा, "कोई भी देश हो, कोई भी समाज हो, वो नारीशक्ति की गरिमा बढ़ाते हुए, उनके लिए नए अवसर बनाते हुए ही आगे बढ़ सकता है।

## नए सीईसी-ईसी की नियुक्ति का मामला पहुंचा सुप्रीम कोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है जिसमें केंद्र को 2023 के कानून के अनुसार नए चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से रोकने की मांग की गई है, जिसके प्रावधानों को शीर्ष अदालत में चुनौती दी गई है। चुनाव आयुक्त अरुण गोयल के इस्तीफे और अनूप चंद्र पांडे की सेवानिवृत्ति के बाद चुनाव आयुक्तों की दो रिक्तियां हैं। याचिका कांग्रेस नेता जया ठाकुर द्वारा दायर की गई है, जिन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यालय की शर्तें) अधिनियम, 2023 के प्रावधानों को चुनौती दी है।

## चुनावी बॉन्डः एसबीआई को आज देनी होगी जानकारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट की पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने भारतीय स्टेट बैंक की याचिका को खारिज कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई से 12 मार्च तक चुनाव आयोग को चुनावी बांड की जानकारी देने को कहा है। इसी के साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को 15 मार्च को शाम 5 बजे तक अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर जानकारी पब्लिश करने का निर्देश दिया है।

**एसबीआई को आज देनी होगी जानकारीः** याचिकाकर्ता जया ठाकुर ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने मामले की गंभीरता को समझा और एसबीआई को कल तक सभी दस्तावेज जमा करने का आदेश जारी किया है। मुझे लगता है कि यह एक बेहतरीन फैसला है, मैं इसका स्वागत करती हूं। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की याचिका पर सुनवाई करते हुए सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने उन्हें फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि 26 दिन में आपने क्या किया। ये बेहद गंभीर मामला है। उन्होंने कहा कि एसबीआई को सिर्फ सीलबंद कवर खोलना है, विवरण एकत्र करना है और चुनाव आयोग को जानकारी देनी है। पिछले 26 दिनों में आपने क्या कदम उठाए? आपका आवेदन उस पर चुप है।

वहीं, वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे ने सुप्रीम कोर्ट में एसबीआई की ओर से पक्ष रखा। हरीश साल्वे ने कोर्ट को बताया कि बैंक को चुनाव आयोग को चुनावी बांड का विवरण जमा करने के लिए अतिरिक्त समय की आवश्यकता है।



**फटकार**

8 सुप्रीम कोर्ट की पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने भारतीय स्टेट बैंक की याचिका को खारिज कर दिया

## महुआ मोइत्रा को सुप्रीम कोर्ट से नहीं मिली राहत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** तृणमूल सांसद महुआ मोइत्रा की कैश फॉर क्वेरी मामले में 8 दिसंबर को सांसदी चली गई थी, जिसके खिलाफ उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने 11 मार्च को सुनवाई की। साथ ही, कोर्ट ने कहा कि इस मामले में अगली सुनवाई मई में की जाएगी।

**लोकसभा महासचिव से मांगा था जवाबः** मोइत्रा की याचिका न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आई। पीठ ने कहा, "6 मई से शुरू होने वाले सप्ताह में एक गैर-विविध दिन की सूची बनाएं। मोइत्रा के वकील का कहना है कि उनका प्रत्युत्तर दाखिल करने का इरादा नहीं है।" दरअसल, शीर्ष अदालत ने तीन जनवरी को मोइत्रा की उनके निष्कासन को चुनौती देने वाली याचिका पर लोकसभा महासचिव से जवाब मांगा था।

**कोर्ट ने लोकसभा की कार्यवाही में भाग लेने पर लगाई थी रोकः** पीठ ने उनकी अंतरिम प्रार्थना पर आदेश पारित करने से इनकार कर दिया था कि उन्हें लोकसभा की कार्यवाही में भाग लेने की अनुमति दी जाए। कोर्ट का कहना था कि उन्हें अनुमति देना राहत देने के समान होगा। शीर्ष अदालत ने लोकसभा अध्यक्ष और सदन की आचार समिति को नोटिस जारी करने से भी इनकार कर दिया था। दरअसल, मोइत्रा ने अपनी याचिका में दोनों को प्रतिवादी बनाया था। ध्वनि मत से पारित हुआ था बाहर निकालने का प्रस्ताव पिछले साल 8 दिसंबर को, एथिक्स पैनल की रिपोर्ट पर लोकसभा में तीखी बहस के दौरान संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने 'अनैतिक आचरण' के लिए टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा को सदन से बाहर निकालने के लिए एक प्रस्ताव पेश किया। यह प्रस्ताव ध्वनिमत से पारित किया गया।



**याचिका**

8 8 दिसंबर को सांसदी चली गई थी, जिसके खिलाफ उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी

## अब धार भोजशाला का सर्वे होगा, हाईकोर्ट ने दिया आदेश

**टीम एक्शन इंडिया**

**इंदौरः** ज्ञानवापी की तर्ज पर मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बेंच ने धार भोजशाला का सर्वे कराने के आदेश दे दिए हैं। इस मुद्दे पर सुनवाई के बाद सोमवार को कोर्ट ने आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया को पांच एक्सपर्ट की टीम बनाने को कहा है। छह सप्ताह में इस टीम को अपनी रिपोर्ट बनाकर सौंपनी होगी। बता दें कि अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने मामले को लेकर ट्वीट किया है। उन्होंने आदेश की कॉपी के साथ लिखा है कि "मध्य प्रदेश में भोजशाला/धार के एएसआई सर्वेक्षण के लिए मेरे अनुरोध को इंदौर उच्च न्यायालय ने अनुमति दे दी है..."। गौरतलब है कि हिंदू पक्ष की ओर से इसका पुरातात्विक सर्वेक्षण कराने की मांग की गई थी। जिस पर इंदौर हाईकोर्ट ने सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था, हिंदू पक्ष ने यहां होने वाली नमाज पर भी रोक लगाने की मांग की थी। यह भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण यानी एएसआई द्वारा संरक्षित स्मारक है, जिसका नाम राजा भोज पर रखा गया था।

**पहले जान लेते हैं क्या है भोजशाला विवादः** धार की भोजशाला राजा भोज ने बनवाई थी। जिला प्रशासन की वेबसाइट के अनुसार यह एक यूनिवर्सिटी थी।



**सर्वे हगा**

8 सोमवार को कोर्ट ने आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया को पांच एक्सपर्ट की टीम बनाने को कहा परेशान हैं

## भाजपा सामाजिक न्याय और धर्मनिरपेक्षता के खिलाफः खरगे

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** बीजेपी सांसद अनंत हेगडे.के बयान, 'संविधान को नए सिरे से लिखने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बीजेपी-एनडीए को 400 सीटों की जरूरत है' को लेकर सियासी बवाल जारी है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अनंत कुमार हेगड़े के बयान को लेकर सोमवार को भाजपा पर जमकर हमला किया। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ भाजपा संविधान में निहित सामाजिक न्याय और धर्मनिरपेक्षता के खिलाफ है। दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में एक प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा का लक्ष्य केवल संविधान में संशोधन करके भारी जनादेश प्राप्त करना है। खरगे ने कहा, "मुझे दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि भाजपा ने संविधान को पूरी तरह से स्वीकार नहीं किया है।"

## गाजीपुर में दर्दनाक हादसा: पांच जिंदा जले

**टीम एक्शन इंडिया**

**गाजीपुरः** उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले में बड़ा हादसा हुआ है। यहां बस में लगी आग के बाद अभी तक पांच शव बाहर निकाले गए हैं। कई लोग झुलस गए हैं। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर चीख-पुकार मची है। हादसे का शिकार हुई बस बरातियों से भरी बताई जा रही है। कुल 38 बराती बस में सवार थे। सूचना पाकर मौके पर मोबाइल फोरेंसिक टीम भी पड़ताल के लिए पहुंच गई है। इस हादसे में 5 लोगों के मौत की पुष्टि हुई है। वहीं, दर्जनभर लोग झुलसे हुए हैं। दो लोगों की हालत गंभीर है, जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। बताया जा रहा है कि यहां एक निजी बस में आग आग लग गई है।

**समारोह** इंदौरा विधानसभा क्षेत्र के लिए 143 करोड़ रुपये की 14 विकासात्मक परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास किए

## आर्थिक चुनौतियों का सामना डटकर कियाः मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/इंदौरा**

**इंदौराः** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गत दिवस को कांगड़ा जिला के इंदौरा विधानसभा क्षेत्र में राजकीय महाविद्यालय इंदौरा के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह की अध्यक्षता करते हुए क्षेत्र में राजीव गांधी मॉडल डे-बोर्डिंग स्कूल खोलने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने इंदौरा में उप पुलिस अधीक्षक कार्यालय खोलने, मोकी सुरडबां में 33 केवी सब स्टेशन, राष्ट्रीय राजमार्ग डमटाल के पास पर्यटन होटल/यूनिटी मॉल खोलने, इंदौरा में ऑडिटोरियम/इंडोर स्टेडियम का निर्माण करने, 3 पुलों सहित मोहतली-इंदौरा सडक की चौड़ाई एवं सुधारीकरण करने, डमटाल गौशाला में गौवर्धन इकाई स्थापित करने, कंदरोड़ी में कोल्ड स्टोर, एचआरटीसी वर्कशॉप/क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय पठानकोट से ढांगू स्थानांतरित करने, इंदौरा में पशु पालन विभाग का उपमंडल कार्यालय खोलने, पठानकोट से चंढीगड़ वाया डमटाल, इंदौरा, रे, कटियाड़, तलवाड़ा, अम्ब व ऊना एचआरटीसी की नई बस सेवा आरम्भ करने, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हगवाल और कंगरेरी अधिसूचित करने, पशु औषधालय डुग्घ-बाकशियां तहसील इंदौरा को पशु चिकित्सालय में स्तरोन्नत करने, चक्कीखड्ड पर पुल का निर्माण डमटाल से माजरा, महोतली खड्ड और सुरादवान से मलकाना पुल के निर्माण की घोषणा की। लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 15 माह पूर्व जब उन्होंने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली तो चर्चा शुरू हुई कि ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू कभी मंत्री नहीं रहे अब मुख्यमंत्री पद कैसे संभालेंगे। लेकिन मैंने आर्थिक चुनौतियों का सामना डटकर किया क्योंकि कर्ज के सहारे व्यवस्था नहीं चल सकती। उन्होंने कहा कि मेरे साथ आम जनता का समर्थन है। सभी चुनौतियों का सामना कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि कुछ ताकतें धन-बल से लोकतंत्र की हत्या करना चाहती है।



**विकास कार्य**

8 साथ आम जनता का समर्थन है। सभी चुनौतियों का सामना कर रहा हू :मुख्यमंत्री

# जॉब बेस्ड और क्वालिटी बेस्ड एजुकेशन वर्तमान प्रदेश सरकार की प्राथमिकता: रोहित ठाकुर

**चमन शर्मा**

**शिमला: शिक्षा मंत्री** रोहित ठाकुर ने कहा कि जॉब बेस्ड और क्वालिटी बेस्ड एजुकेशन वर्तमान प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। जॉब बेस्ड एजुकेशन को बढ? के लिए बी-वॉक कोर्स प्रारम्भ किये गए हैं जिसमे कि रिटेल मेनेजमेंट, टुरिज्म और ट्रेवल मेनेजमेंट प्रमुख है। गौरतलब है कि प्रदेश के कुछ महाविद्यालयों में यह कोर्स उपलब्ध हैं जिनमें सरस्वतीनगर महाविद्यालय भी शामिल है। रोहित ठाकुर आज जुब्बल के सरस्वतीनगर में लगभग 9 करोड़ रुपए से बनने वाले लाल बहादुर शास्त्री राजकीय डिग्री महाविद्यालय के इंडोर स्टेडियम की आधारशिला रखने के उपरांत महाविद्यालय के वार्षिक समारोह में उपस्थित लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने



महाविद्यालय के छात्रों को सफलता हासिल करने पर बधाई दी और सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की। शिक्षा मंत्री ने कहा कि इस इंडोर स्टेडियम का लाभ कॉलेज के छात्रों और साथ लगते क्षेत्र की जनता को मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र की इंडोर स्टेडियम की मांग काफी समय से लंबित थी जिसे पूर्ण किया गया है और इसके लिए उन्होंने क्षेत्र की जनता को बधाई दी। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष भी महाविद्यालय के वार्षिक समारोह में शामिल होने का अवसर उन्हें प्राप्त हुआ था। उन्होंने कहा कि एक समय हिमाचल की साक्षरता दर मात्र 8 प्रतिशत थी जो बढकर आज 88 प्रतिशत के करीब पहुँच चुकी है। उस समय प्रदेश भर में केवल एक महाविद्यालय मंडी में स्थित था और आज ये संख्या बढकर 152 हो चुकी है। पिछली सरकार के समय से 152 में से 105 ऐसे महाविद्यालय थे जहाँ प्रिंसिपल नहीं थे लेकिन वर्तमान प्रदेश सरकार प्रिंसिपल के लगभग 80 पद प्रमोशन के माध्यम से भरे। इसके अतिरिक्त, आयोग के माध्यम से भी प्रिंसिपल के पद भरे गए। इसी प्रकारए दुर्गम और पहाड़ी क्षेत्रों में भी रिक्त पदों को भरा गया। उन्होंने कहा कि दुर्गम क्षेत्रों में शिक्षण संस्थान खुलने से सबसे अधिक लाभ बेटियों को हुआ है।

**जुब्बल क्षेत्र की मांगों को चरणबद्ध तरीके से किया जा रहा पूर्ण**

रोहित ठाकुर ने कहा कि जुब्बल क्षेत्र की जो भी मांगें थी, उन्हें चरणबद्ध तरीके से पूर्ण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरस्वतीनगर बहुउद्देशीय हॉल ऑडिटोरियम का कार्य केवल घोषणा तक सीमित रह गया था और इसके टेंडर भी नहीं लग पा रहे थे। परन्तु वर्तमान सरकार ने सभी औपचारिकताओं को पूर्ण कर टेंडर कर दिया है और शीघ्र 8 करोड़ 36 लाख रुपए की लगत से इसका कार्य पुनः आरम्भ किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, लगभग 3 करोड़ रूपए से शैक्षिक सत्र से पीजी के नए कोर्सेज आरम्भ किये गए है जिसमे छात्र अंग्रेजीए हिंदी और कॉमर्स की पढ़ाई कर सकेंगे और इसके अतिरिक्त बी-वॉक के कोर्स भी आरम्भ किये। इनसे सम्बंधित महाविद्यालय में एक अलग ब्लॉक बनेगा जिसके लिए वित्तीय स्वीकृति विभाग द्वारा दे दी गई है।

# गीता कपूर, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एसजेवीएन ने रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया

**चमन शर्मा**

**शिमला: गीता कपूर,** अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एसजेवीएन ने आज कारपोरेट मुख्यालय, शिमला में आईजीएमसी ब्लड बैंक, शिमला के सहयोग से एसजेवीएन द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर चन्द्र शेखर यादव, कार्यकारी निदेशक मा.सं. और एसजेवीएन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। गीता कपूर, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एसजेवीएन ने इस अवसर पर कहा कि समुदाय की सेवा करने की एसजेवीएन की प्रतिबद्धता प्रत्येक वर्ष रक्तदान शिविर के सफ ल आयोजन में एक शक्तिशाली प्रेरणा के रूप में कार्य करती है। यह रक्तदान शिविर शिमला एवं निकटवर्ती विभिन्न अस्पतालों के रोगियों के लिए ब्लड की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उपयोगी साबित होगा। गीता कपूर ने आगे



कहा कि एसजेवीएन समाज की बेहतरी में योगदान देने के लिए विभिन्न कल्याणकारी उपायों को अपना रहा है।

उन्होंने कहा कि हमेशा की तरह एसजेवीनाइट्स समाज में परोपकारी सहयोग देने में अग्रणी रहे हैं और उन्होंने इस पुनीत कार्य में बड़ी संख्या में भागीदारी पर प्रसन्नता व्यक्त की। कर्मचारियों तथा उनके परिजनों, सतलुज लेडीज क्लब, शिमला और संविदारत कर्मियों ने 187 यूनिट्स रक्तदान किया, जिन्होंने इस जीवनदायक रक्तदान शिविर में स्वेच्छा से भाग लिया। उन्होंने बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान एसजेवीएन के विभिन्न कार्यालयों एवं परियोजनाओं द्वारा आयोजित रक्तदान शिविरों में 703 यूनिट्स रक्तदान किया गया। रक्तदाताओं के महान प्रयासों को मान्यता देने एवं उनके बहुमूल्य योगदान की सराहना करने के लिए एसजेवीएन के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा रक्तदाताओं को स्मृति चिन्ह और प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

# शिक्षा मंत्री ने कोटला बांगी स्कूल भवन का किया उद्घाटन



**एसपी जैरथ**

**नाहन: प्रदेश सरकार** शिक्षण संस्थाओं को सुदृढ़ एवं मजबूत करने व शिक्षा में गुणवत्ता लाने के लिए प्रतिबद्ध है और इसी दृष्टि से प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा विभाग को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए उचित कदम उठाए जा रहे है। यह बात शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर नेजिला सिरमौर के विकास खंड राजगढ़ के उप तहसील पझौता के कोटला बांगी में 85 लाख रुपए से निर्मित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोटला बांगी के भवन का लोकार्पण करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि इस भवन में आठ कमरों का निर्माण हुआ है और इस स्कूल भवन के बनने से यहां के विद्यार्थियों एवं क्षेत्र की जनता को अवश्य लाभ होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के सत्ता में आने से पूर्व शिक्षा विभाग में 12 हजार पद रिक्त थे। प्रदेश सरकार ने कैबिनेट बैठक में 6 हजार से अधिक पद भरने का निर्णय लिया ताकि प्रदेश के दूरदराज क्षेत्रों तक गुणवत्तायुक्त शिक्षा छात्रों को उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों में रिक्त पड़े पदों को भरने के प्रयास जारी है और शिक्षा विभाग ने 2252

**सुदृढ़**

8 इसी दृष्टि से प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा विभाग को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए उचित कदम उठाए जा रहे

अध्यापकों की बैचवाइज भर्ती शुरू की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने क्लस्टर स्कूल की स्थापना करने का भी फैसला लिया है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि सभी स्कूलों में पहली और दूसरी कक्षा के लिए अंग्रेजी माध्यम शुरू किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पहली कक्षा से ही अंग्रेजी विषय को ऑप्शनल बनाया गया है ताकि बच्चों को शुरू से ही अंग्रेजी भाषा की बेहतर ज्ञान हो और उन्हें आगे चलकर बेहतर विकल्प उपलब्ध हों। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दी। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोटला बांगी के प्रधानाचार्य सुरजीत शर्मा ने विद्यालय का ब्यौरा प्रस्तुत किया तथा शिक्षा मंत्री एवं अन्य गणमान्य लोगों को विद्यालय परिवार की ओर से शॉल टोपी व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# 'मोबाइल अस्पताल ने दस लाख से ज्यादा मरीजों का गांव पहुंचकर किया ईलाज'

**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुर: प्रदेश की पहाड़ी** भूगौलिक परिस्थितियों के कारण रोगियों को अस्पतालों तक पहुंचने में पेश आने वाली विषमताओं की गंभीरता को समझते हुए केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने 6 वर्ष पहले एक अतुलनीय योजना की शुरूआत की थी जिसका नाम है सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा।

**6 साल पहले दो गाडि ?ं से शुरू की स्वास्थ्य सेवा अब 32 गाडि ?ं से 6400 गांवों**



**तक पहुंच चुकी हैं**

हमीरपुर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में भाजपा के प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट एवं सह मीडिया

**उपलब्धि**

8 6 वर्ष पहले एक अतुलनीय योजना की शुरूआत की थी जिसका नाम है सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा

प्रभारी अंकुश दत्त शर्मा ने यह बात कहते हुए केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर का आभार जताया है उन्होंने कहा कि अनुराग ठाकुर की सोचए उनके प्रयास और अपने क्षेत्र के लोगों को उच्च स्तरीय मूलभूत सुविधा उनके घर द्वार पर उपलब्ध करवाने के उनके जुनून के कारण ही यह योजना शुरू हुई थी और इन 6 वर्षों में अब तक 10 लाख से ज्यादा मरीज सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा का लाभ लेकर अपना इलाज करवा चुके हैं। अंकुश दत्त शर्मा ने बताया कि 6 वर्ष पहले यह सेवा जब शुरू हुई तो दो गाडियां थीं जो गांव गांव पहुंची और मरीजों के टेस्ट भी किए और ईलाज भी किया। अब इस अभियान में 32 गाडि ?ं जुड़ चुकी हैं। सैंकड़ों लोगों को रोजगार भी मिला है जिनमें 65 प्रतिशत महिलाएं हैं। इस सेवा के माध्यम से अभी तक हमीरपुर ऊना और बिलासपुर में चार मेगा कैंप लगवाए जा चुके हैं जिसमें 18500 ओपीडी की संख्या है और 15000 नजर के चश्मे बनवाकर निशुल्क लोगों को बांटे गए हैं। सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा के माध्यम से लाभ लेने वाले लोगों का अभी तक 50 करोड रुपए से ज्यादा की बचत सीधे तौर पर हुई है।

# संगड़ाह में आदमखोर तेंदुए ने तीन गायों को बनाया शिकार

**एसपी जैरथ**

**नाहन: जिला सिरमौर** के उपमंडल संगडाह के शिवपुर गांव में तेंदुए ने तीन गायों को मौत के घाट उतार दिया है। स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों ने वन विभाग व प्रशासन से पीड़ित दिनेश कुमार पुत्र दयाल को मुआवजा राशि देने की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, तेंदुए ने दिनेश कुमार की पशुशाला में घुसकर तीन गायों को अपना निवाला बनाया है। गौरतलब की 18 नवंबर को क्षेत्र के बराड़ी गांव में तेंदुए ने भीम सिंह नामक किसान पर हमला कर उसे बुरी तरह घायल कर दिया था। इसके बाद समीपवर्ती बोगधार गांव में 14 नवंबर को वन विभाग द्वारा लगाए पिंजरे में एक तेंदुए को पकड़ा गया था और दूर जंगल में छोड़ा गया था।

# किरतपुर-सुन्दरनगर फोरलेन को जनता को समर्पित करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी का कोटि-कोटि आभार

## सडकें नहीं राष्ट्र का निर्माण, हमारा लक्ष्य हर कदम विकास की ओर

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी: सुन्दरनगर फोरलेन** को जनता को समर्पित करने के लिए विधायक राकेश जमवाल ने प्रधानमंत्री मोदी का कोटि-कोटि आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा जब से प्रधानमंत्री मोदी ने इस देश का नेतृत्व संभाला। हमारा देश निरंतर तरक्की करके आगे बढ़ रहा है। आज कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक एक समान विकास नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुआ और वहीं हिमाचल प्रदेश भी इस से अछूता नहीं। उन्होंने कहा समय-समय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिमाचल प्रदेश को अनेकों बड़े तोहफे दिए। जिसकी हम कभी कल्पना नहीं कर सकते थे कि ऑल इंडिया इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस हिमाचलए पंजाबए हरियाणा तो दूर की बात है लेकिन दिल्ली से नजदीक आपको एक कहीं नजर नहीं आता था, लेकिन आज नरेंद्र मोदी



के आशीर्वाद से हिमाचल जैसे छोटे से प्रांत में एम्स की स्थापना हुई है। इसके लिए नरेंद्र मोदी का धन्यवाद और विभिन्न परियोजनाओं के शिलान्यास और उद्घाटन होने जा रहे हैं। आज जब किरतपुर से सुंदरनगर सडक का निर्माण जो पूरा हो पाया। विधिवत उसका उद्घाटन होने जा रहा है। उन्होंने अटल टनल का उदाहरण देते हुए कहा कि जहां प्रदेश में एक हिस्सा जो 6 महीने तक देश और प्रदेश से कटा रहता था आज

**आभार प्रकट**

8 ऐसी सडकें मोदी के नेतृत्व में हिमाचल में भी बन सकती है हम कभी कल्पना भी नहीं कर सकते थें

अटल टनल के बन जाने से जहां लाहौल स्पीति के लोगों को सहूलियत हुई, वहीं पर्यटन को भी पंख लगेंगे व सामरिक दृष्टि से भी यह टनल का बहुत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि मेरे विधानसभा क्षेत्र में लगभग 20 किलोमीटर की सडकें फोरलेन गुजरेगी। सुंदरनगर में टनल से जहां इससे लोगां को लाभ हुआ है वहीं हिमाचल प्रदेश नहीं, देश नहीं बल्कि विदेश से आने वाले सैलानीयों को भी इसका लाभ होगा। क्योंकि मनाली के लिए देश में दुनिया का पर्यटक मनाली घूमने के लिए आता है और टनल देखने के लिए अवश्य जाता है। हिमाचल वासियों को कोई दुर्घटना हो जाती थी तब पीजीआइ चंडीगढ़ जाने के लिएं जब कोई मंडी, कुल्लू, सुंदरनगर से व्यक्ति चलता था तो कितनी दिक्कतें आती थीं। लेकिन आज फोरलेन के निर्माण के पश्चात आज ऐसा दृश्य बना है जहाँ पर्यटन को भी बढ़ावा मिल रहा है व किसी संकट काल में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है। उन्होंने अपने क्षेत्र के एक एनआरआइ का उदाहरण देते हुए कहा कि अमेरिका से बहुत समय के पश्चात सुंदरनगर-चंडीगढ़ सडक मार्ग के द्वारा आए, उन्होंने आकर कहा कि ऐसी सडकें मोदी के नेतृत्व में हिमाचल में भी बन सकती है हम कभी कल्पना भी नहीं कर सकते थें। अमेरिका से भी अच्छे सडके आज हिमाचल प्रदेश में देखने को मिलती हैं।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला सैनिक कल्याण बोर्ड की बैठक का आयोजन



**चमन शर्मा**

**शिमला: जिलाधीश** शिमला एवं जिला सैनिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में आज जिला सैनिक कल्याण बोर्ड की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पूर्व सैनिकों तथा उनके परिवारजनों के कल्याण एवं उत्थान के लिए राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा प्रायोजित विभिन्न योजनाओं पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। जिला सैनिक कल्याण बोर्ड समय-समय पर पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों को विभिन्न प्रकार की सुविधाएं भी प्रदान करता आ रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में जिला के विभिन्न स्कूलों में बच्चों एवं उनके माता-पिता के साथ सैनिक स्कूल में दाखिला दिलवाने के लिए परस्पर संवाद स्थापित किया जाएगा ताकि बच्चों को शुरू से ही उच्च गुणवतायुक्त शिक्षा प्राप्त हो सके। इसके अतिरिक्त स्कूलों में सेना भर्ती के संबंध में भी प्रोत्साहित किया जाएगा ताकि बच्चों को नशे के बढ़ते चलन से दूर रखा जा सके। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त सैनिकों के कल्याण तथा आपस में परस्पर संवाद हेतु विभिन्न प्रकार के आयोजन करवाने के लिए भी उचित कदम उठाए जाएंगे। जिला में इस समय लगभग 4700 के करीब पूर्व सैनिक मौजूद हैं, जिन्हें राज्य तथा केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि सैनिक विश्राम गृह मतियाना जर्जर स्थिति में है।

# भूस्खलन के लिए संस्कृत राशि वापस होने पर भाजपा ने जताया रोष

## आकाशी जिला होने के बावजूद भी कांग्रेस सरकार में पीछे रहा चंबा: जय सिंह भाजपा प्रदेश का

**हामिद**

**चंबा: अनुसूचित** जाति से संबंध रखने वाले चंबा शहर के मोहल्ला पक्का टाला में भूस्खलन रोकने के लिए आए लगभग 3 करोड़ 23 लख रुपए वापस चले जाने का भारतीय जनता पार्टी ने कड़ा विरोध किया है। इस संदर्भ में एक पत्रकार वार्ता में कांग्रेस सरकार तथा स्थानीय विधायक पर आरोप लगाते हुए भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं पूर्व में अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकास निगम के उपाध्यक्ष रहे जय सिंह ने यह आप लगाते हुए इसका कड़ा विरोध किया है तथा स्थानीय विधायक से पूछा है कि वह बताएं कि यह राशि वापस क्यों गई ।उन्होंने कहा कि यह मोहल्ला वाल्मीकि समुदाय से संबंध रखता है जिसमें लगभग 200 परिवार रहते हैं जो डर के साए में जीने को मजबूर हैं क्योंकि यह मोहल्ला चारों तरफ से भूस्खलन की जद् में आया हुआ है तथा इसे खतरे से बाहर निकालने के लिए पूर्व सरकार ने योजना के तहत पिछले वर्ष फरवरी माह में 3 करोड़



23 लख रुपए की राशि मंजूर की थी। मगर अब यह राशि वापस चली गई है। जय सिंह ने सरकार तथा स्थानीय विधायक से यह सवाल किया कि वह बताएं कि वह राशि कहां है तथा राशि अगर वापस गई तो इसमें किसकी नाकामी रही इसके जिम्मेदार कौन है। लोगों ने सरकार को तथा स्थानीय विधायक को इसलिए चुनकर भेजा था कि वह उनके हितों की रक्षा करें मगर यहां तो उल्टा ही हो गया। उन्होंने कहा कि यह जिला पहले से ही आकांक्षी जिला की सूची में आता है। उन्होंने कहा कि इसी वार्ड के मोहल्ला कश्मीरी में भी वही स्थिति है वार्ड नंबर 3 का यह मोहल्ला भी खतरे की जद् में है थोड़ी सी वर्षा होने पर भूस्खलन के डर से यहां के लोग भी डरे सहमे है कई बार इस बारे में प्रदेश सरकार स्थानीय विधायक तथा प्रशासन को खतरे से अवगत करा चुके हैं मगर अभी तक इस संदर्भ में भी कुछ नहीं हुआ है उन्होंने मांग की की पक्का टाला मोहल्ले के साथ.साथ कश्मीरी मोहल्ले को भी इस खतरे से बचाया जाए वरना तो इन दोनों मुहल्लों का वजूद खत्म हो जाएगा इसलिए जल्द से जल्द इस पर कार्रवाई की जाए अन्यथा आने वाले लोकसभा चुनाव में लोग अब इसका जवाब देने को तैयार हैं। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्य समिति सदस्य धन्नो देवी के अलावा अन्य भाजपा नेता मौजूद रहे।

# प्रदेश की जनता का विश्वास खो चुकी है सरकार, चुने हुए प्रतिनिधियों के खिलाफ झूठे केस बना रहे कांग्रेसी नेता

**चमन शर्मा**

**शिमला: हिमाचल** प्रदेश में राज्यसभा चुनाव से शूरू हुई सियासी उठा पटक में भले ही थमती नजर आ रही हो लेकिन इसके बाद से लगातार प्रदेश में सियासी बयान बाजी से सियासत गर्म है। सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री से लेकर कांग्रेस के बागी विधायक एक दूसरे पर शब्द भेदी बाण छोड़ रहे हैं। अब इस पर भाजपा ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए नेताओं के बीच चल रही बयान बाजी को दुर्भाग्यपूर्ण और हिमाचल की संस्कृति के विरुद्ध बताया है। बीजेपी प्रवक्ता बलवीर वर्मा ने मुख्यमंत्री पर कुर्सी बचाने के लिए षड्यंत्र रचने के आरोप जड़े हैं। हिमाचल प्रदेश भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता बलबीर वर्मा ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस के नेता बौखलाहट में आकर एक दूसरे पर अनाब शनाब बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने कहा की कांग्रेस नेता इन एक-दूसरे को जानवरों और जीव जंतुओं की संज्ञा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के लोग चुने हुए प्रतिनिधियों के प्रति झूठे केस बना रहे हैं और उनके खिलाफ एफ आईआर दर्ज कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की आज स्थिति पूरे देश में ऐसी है की पार्टी के सभी बड़े नेता कांग्रेस को छोडकर जा रहे हैं। बलबीर वर्मा ने ज्योतिरादित्य सिंधिया, गुलाम नबी आजाद और रीता बहुगुणा जेसे नेताओं का जिक्र करते हुए कहा कि पार्टी के सभी बड़े नेता पार्टी छोड दी हैं। वहीं हिमाचल प्रदेश में तीन कार्यकारी अध्यक्षों ने कांग्रेस से इस्तीफ ा दे दिया और भाजपा में शामिल हो गए। इस दौरान बलबीर वर्मा ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू पर हमला करते हुए कहा कि सर्वोच्च पद पर बैठे मुख्यमंत्री अपने ही पार्टी के चुनाव प्रतिनिधियों को भेड़ बकरियों की संज्ञा देते हैं।

HIMACHAL PRADESH
PUBLIC WORKS DEPARTMENT
(INVITATION FOR BIDS (IFB)
(e-Procurement Module)

TheExecutive Engineer, Chamba Division, HPPWD Chamba H.P. on behalf of Governor of H.P. invites the item rate bids, in electronic tendering system, from the eligible class of contractors registered with HPPWD for the works as detailed in the table.

| Sr. No. | Name of work | Estimated Cost (Rs.) | Earnest Money (Rs.) | Cost of tender form (Rs.) | Class | Completion period |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Preparation of DPR for the work C/O link road to village Drobi to Lower Ghatner road 0/0 to 1/625 KM, C/O Jeepable road from Banjal to Tali road 0/0 to 1/560 KM, C/O link road to village Meloh GP Sarahan road 0/0 to 1/600Km C/O link road BharianBhagyarHumedHarizanbasti road 0/0 to 7/100 C/O link road Dhar by Paronthio road 0/0 to 6/323 Km. | 481616/- | 9800/- | 350/- | One Month | D & C |
| 2 | Preparation of DPR for the work C/O Construction of Govt. High School Building Ona in Distt. Chamba (HP) (SH:- Geotechnical Investigation) | 300000/- | 6000/- | 350/- | One Month | D & C |
| 3 | Preparation of DPR for the work C/O Construction of 6 No. Type –IV Quarter for Govt. Millenium PolytechnicChamba, Distt. Chamba (HP) (SH:- Geotechnical Investigation) | 300000/- | 6000/- | 350/- | One Month | D & C |
| 4 | Preparation of DPR for the work C/O Construction of 6 No. Type –III Quarter for Govt. Millenium Polytechnic Chamba, Distt. Chamba (HP) (SH:- Geotechnical Investigation) | 300000/- | 6000/- | 350/- | One Month | D & C |
| 5 | Preparation of DPR for the work C/O Construction of Mini Secretariat at Chamba, Distt. Chamba (HP) (SH:- Geotechnical Investigation) | 412500/- | 8250/- | 350/- | One Month | D & C |

2.KEY DATES:
1. Starting Date for downloading 12-03-2024 at 10.00 AM
2. Deadline for submission of Bid 19-03-2024 at 11.00PM
3. Date of Technical bidopening 19-03-2024 at 11.30 AM

The undersigned has right to extend or cancel the bids without declaring any reasons there-of. The Bidders are advised to note other details of tenders from the department website www.hptenders.gov.in

Executive Engineer,
Chamba Division,
HPPWD Chamba
Pin-176310
Tel.01899-222229
Email-ee-cha-hp@nic.in

R.O.N-6818/2023-2024

On behalf of Governor of Himachal Pradesh

# अंबेडकर भवन रिकांगपिओ में एक दिवसीय किसान मेले का किया गया आयोजन

**अनिल**
**किन्नौर: किन्नौर जिला** के कल्पा विकास खण्ड के अंबेडकर भवन रिकांगपिओ में कृषि विभाग के आतमा परियोजना कल्पा द्वारा खंड स्तरीय एक दिवसीय किसान मेले का आयोजन किया गया जिसमें कल्पा ब्लॉक की विभिन्न पंचायतों के लगभग 200 किसानों ने भाग लिया। किसान मेले में कृषि उपज मंडी किन्नौर-शिमला के निदेशक व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उमेश नेगी बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे।इस अवसर पर उन्होंने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि हिमाचल सरकार और केंद्र सरकार द्वारा संयुक्त रूप से किसानों के लिए चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उठाने के लिए किसान अधिक से अधिक संख्या में आगे आएं।



उन्होंने कहा कि अगर किसी किसान की फ सल में कोई बीमारी लगती है तो जल्द से जल्द संबंधित विभाग को सूचित करें ताकि फ सल को लगने वाली बीमारी का इलाज संभव हो सके। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार किसानों व बागवानों के हितों की रक्षा के लिए वचनबद्ध है तथा इस वर्ष सेब को मंडी में किलो के हिसाब से बेचने की व्यवस्था की गई जिससे किसानों को पहले की अपेक्षा अधिक आर्थिक लाभ प्राप्त हुआ। इस अवसर पर जिला कृषि अधिकारी ओण्पी बंसल ने उपस्थित किसानों को विभाग के माध्यम से चलाई जा रही विभिन्न किसान हितैषी नीतियों व योजनाओं से अवगत करवाया।उन्होंने बताया कि जिला में मुख्यमंत्री खेत संरक्षण योजना के तहत बाड़-बंदी के लिए उपदान राशि को 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 70 प्रतिशत किया गया है। राज्य कृषि यंत्रीकरण योजना के तहत कृषि अभियन्त्रिकी को बढ़ावा देने के लिए ब्रश कटर, चारा कटर, सोर स्प्रे पंप, बीज भण्डार बिन इत्यादि 50 प्रतिशत के अनुदान पर उपलब्ध करवाया जा रहा है तथा मुख्यमंत्री कृषि संवर्धन योजना के तहत किसानों को अनाजों, दालों, तिलहन व चारा फसलों के बीजों को क्रय करने पर 50 प्रतिशत अनुदान प्रदान किया जा रहा है। विषयवाद विशेषज्ञ उद्यान डॉ बलवीर ने बताया कि एक हेक्टयर में पच्चीस से तीस हजार उत्तम किस्म के पौधे तैयार करने हेतु सरकार द्वारा बागवानों के लिए सात लाख पचास हजार रुपए के अनुदान राशि का प्रावधान है। उन्होंने खुंभ विकास योजना, मधु विकास योजना, प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना, कृषि उत्पाद संरक्षण योजना के बारे में भी विस्तारपूर्वक किसानों को जानकारी प्रदान की।

# सोलन से शुरू हुआ भाजपा का संकल्प पत्र अभियान

**मनीष**
**सोलनः सोमवार को** सोलन के पीडब्ल्यूडी रेस्ट में प्रेसवार्ता के दौरान हिमाचल भाजपा के सभी प्रकोष्ठों के प्रभारी और पूर्व स्वास्थय मंत्री डॉ राजीव सैजल द्वारा प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने सोलन से सोमवार को शुरू हुए संकल्प पत्र अभियान को लेकर अपनी बात रखी। डॉ राजीव सैजल ने कहा कि लोकसभा चुनावों 2024 में भाजपा अपने घोषणा और संकल्प पत्र में किन बातों को महत्व दे सकती है, इसको लेकर घर घर गांव गांव जाकर, युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों किसान बागवानों और अन्य वर्गों से संकल्प पत्र बनाने के लिए सुझाव लिए जाएंगे। डॉ राजीव सैजल ने कहा कि चारो संसदीय क्षेत्रों में 2-2 अर्थात 8 वाहनों के माध्यम से प्रदेश के सभी वर्गों के सुझाव आमंत्रित किए जाएंगे। पीएम मोदी द्वारा देशभर से सुझाव आमंत्रित किए जा रहे हैं ताकि देश के प्रत्येक वर्ग, समुदाय,जाति, धर्म, संप्रदाय की



भागीदारी एनडीए का संकल्प पत्र बनाते हुए हो सके। डॉ सैजल ने कहा कि इस वाहन में एक सुझाव पेटी लगी है जिसमें कोई भी व्यक्ति अपने सुझाव दे सकता है। 20 मार्च तक यह आठ गाडि?ां पूरे प्रदेश में घूम.घूम कर सुझाव आमंत्रित करेगी। इसके अतिरिक्त हर शहर में 4-5 स्थानों पर सुझाव पेटी लगाई जा रही है जिसमें जनता अपने सुझाव डाल सकती है। वहीं इसी के साथ नमो ऐप व मिस्ड कॉल के माध्यम से भी जनता अपने सुझाव दे सकती है। डॉ सैजल ने कहा कि आज देश हित और राष्ट्रहित में क्या है ये प्रदेश और देश की जनता को सोचना हैए और यह भी आकलन करना होगा कि देश को आगे ले जाने और देश को लूटने में किसका हाथ है। उन्होंने कहा कि आज भारत देश एक मजबूत देश बनकर विश्व भर में उभरा है और इसको देश की जनता ने देखा है। सैजल ने कहा कि इस बार भी लोकसभा चुनावों में भाजपा बेहतर प्रदर्शन करेगी, 400 सीटें पार का लक्ष्य इस बार भाजपा ने रखा है और निश्चित रूप से यह लक्ष्य भाजपा हासिल करेगी और एक बार फिर से तीसरी बार नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनेंगे।

# 'चुने हुए विधायकों को काला नाग, काली भेड़ें कहना दुर्भाग्यपूर्ण'

**चमन शर्मा**
**शिमलाः प्रदेश के** चुने गए विधायकों को काला नाग व काली भेड़ें कहना दुर्भाग्यपूर्ण है। सरकार अल्पमत है, ऐसे में सीएम सुक्खू को नैतिकता के आधार पर अपने पद से इस्तीफ ा दे देना चाहिए। यह बात हिमाचल प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ भाजपा नेता, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, पूर्व मंत्री, कांगड़ा-चंबा प्रभारी व सुलाह विधानसभा क्षेत्र के विधायक विपिन सिंह परमार तथा हिमाचल प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष व कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक पवन काजल ने संयुक्त बयान में कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के मुखिया द्वारा चुने



गए विधायकों को कभी काले नाग कहा जाता है तो कभी उन्हें काली भेड़ें कहा जाता है, यह शब्द प्रदेश के सबसे बड़े पद पर बैठे मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू को शोभा नहीं देते। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा चुने हुए विधायकों के लिए इस तरह के शब्द कहना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से मुख्यमंत्री बागी विधायकों पर टिप्पणी कर रहे हैं, उससे तो लगता है कि सीएम सुक्खू डरे हुए हैं, क्योंकि सरकार अल्पमत में आ चुकी है। भाजपा नेताओं ने कहा कि सीएम सुक्खू को नैतिकता के आधार पर अपने पद से इस्तीफ ा दे देना चाहिए। प्रदेश की जनता जान चुकी है कि सरकार डरी हुई है, यही नहीं कांग्रेस कार्यकताओं को भी अब सुक्खू सरकार पर भरोसा नहीं है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि प्रदेश आज इस हालत में है कि सीएम को यह कहना पड़ रहा है कि कुर्सी चुराने की कोशिश की तो जन आंदोलन होगा, इससे स्पष्ट है कि सीएम को प्रदेश की नहींए बल्कि अपनी कुर्सी की चिंता है, जनता की समस्याओं और सुविधाओं से सीएम को कुछ लेना-देना नहीं है।

# 'संत गुरू रविदास महासभा के चुनाव 28 अप्रैल को'

**कश्मीर ठाकुर**
**बिलासपुरः बिलासपुर** नगर के रौड़ा सेक्टर में स्थित संत शिरोमणी गुरू रविदास मंदिर परिसर में श्री गुरू रविदास महासभा बिलासपुर इकाई की बैठक जिला प्रधान मदन कुमार की अध्यक्षता में सपन्न हुई। यह बैठक कार्यकारिणी चुनाव को लेकर बुलाई गई थी लेकिन कोरम पूरा न होने की वजह से चुनाव स्थगित कर दिए गए। यह जानकारी देते हुए सभा के महासचिव आचार्य जगदीश चंद सहोता ने बताया कि बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों के निर्णय के बाद तय किया गया कि आगामी 28 अप्रैल 2024 को नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभा की



मजबूती के लिए सदस्यता अभियान छेड़ा गया है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ा जा सके। इससे संगठन की मजबूती के साथ-साथ आर्थिक संबल भी मिलेगा।

आचार्य जगदीश सहोता ने बताया कि बैठक में अभी हाल ही में संत गुरू रविदास जयंती के भव्य आयोजन को लेकर भी समीक्षा की गई। इस बैठक में मदन कुमार, ओयल पंचायत प्रधान दिनेश कुमार, मंजीत कौर, जीवन लाल, कृष्ण लाल, बक्शी राम, आचार्य जगदीश सहोता, एसआर किशोर, सहित आदि मौजूद रहे।

## सुंदरनगर के दंत चिकित्सकों ने की वृद्धाश्रम सदस्यों के स्वास्थ्य की जांच

**कश्मीर ठाकुर**
**बिलासपुरः हिमाचल** डेंटल कालेज सुंदरनगर के दंत चिकित्सकों की टीम द्वारा अपना घर वृद्ध आश्रम घागस में विश्व ओरल हेल्थ मंथ जो की पुरे मार्च महीने में मनाया जा रहा है के अंतर्गत एक विशेष निशुल्क दंत चिकित्सा का शिविर अयोजित किया। वही पर उपस्थित डेंटल वैन में 37 बुजुर्गों का उपचार भी किया गया। यह शिविर डेंटल कॉलेज के अध्यक्ष डॉ. अनिल सिंगला व डॉ. विकास जिंदल, प्रधानाचार्य डॉ. बलजीत सिंह के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर दंत चिकित्सकों में डॉ. साहिल नेगी, डॉ. अविनाश कुमार तिवारी, डॉ. आरुषि गुप्ता, डॉ. आर्यन मोहन, डा. बनिंदर, डॉ. सागर पराशर, डॉ. सिमरन कालिया मौजूद रहे।

# स्नो मैराथन में भारतीय सेना का रहा वर्चस्व, शाबीर हुसैन ने जीता फुल मैराथन का खिताब

## देश-विदेश से जुटे 200 से अधिक धावकों ने लिया चार कैटेगरियों में भाग

**श्याम कुल्वी**
**कुल्लूः भारतीय सेना** के शाबीर हुसैन ने तीसरी स्नो मेराथन को अपने नाम कर लिया है। लद्दाख स्काउट्स के इस जवान ने मनाली के निकट जना फाल्स की बर्फीली पहाडि?ें में आयोजित इस स्नो मेराथन की 42 किलोमीटर की फुल मेराथन की दूरी 03:58:21 समय में पूरी की। महिलाओं के वर्ग में मनाली की तेनजिन डोल्मा ने 04:35:13 का समय दर्ज कर फुल मेराथन जीती। गत दिनों लाहौल में हो रहे हिमखलन के चलते स्नो मेराथन के वार्षिक आयोजन को सिस्सू में अवरुद्ध सडकों के कारण नहीं किया जा सका। बावजूद इसके आयोजकों



और देश विदेश से जुटे प्रतिभागियों के जोश में कोई कमी देखने को नहीं मिली और स्नो मेराथन को जना फ ाल्स की बर्फ ीली पहाडि?ें में स्थानतरित कर दिया गया। स्नो मेराथन का आयोजन रीच इंडिया और हिमाचल पर्यटन विभाग द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से किया गया था जिसमें देश और विदेश के चार कैटेगरियों में 200 से भी अधिक धावकों ने दम खम दिखाया। इस आयोजन में रुस, अमेरिका, यूके और श्रीलंका के धावकों ने भी अपनी मौजूदगी दर्ज की। 01:29:14 की टाईमिंग के साथ भारतीय सेना के सेवांग नांगदन ने हाफ मेराथन जीती जबकि महिला वर्ग में 02:45:58 की टाईमिंग दर्ज कर हेमलता ने यह खिताब अपने नाम किया। दस किलोमीटर की रेस में भी भारतीय सेना के ही बाजी मारी जिसमें 48:47 की टाईमिंग के साथ जिग्मेंट स्टबडन प्रथम स्थान प्राप्त विजेता के रुप में उभरे जबकि महिला वर्ग में साक्षी ने 01:12:34 समय के साथ पहले स्थान पर रही। विजेता बनी। पांच किलोमीटर की स्पर्धा मे अरमान ठाकुर ने बाजी मारी आयोजक राजीव कुमार और गौरव शिमर ने बताया बहुत कम समय में स्नो मेराथन ने देश के एडवेंचर स्पोर्ट्स कैलेंडर में अपना नाम दर्ज कर लिया है।

# लापता व्यक्ति का मामला बालूगंज थाने में दर्ज

**चमन शर्मा**
**शिमलाः प्रदेश की** राजधानी शिमला से 14 फ रवरी से लापता हुए शख्स का आज तक कोई पता नहीं चल पाया है। अब पुलिस ने इस शख्स का पता बताने वाले व्यक्ति को इनाम देने की बात कही है। गौरतलब है कि इस वर्ष 14 फ रवरी को शर्मिला, जो टूटीकंडी की निवासी हैं ने बालूगंज थाना में मामला दर्ज करवाया था कि उनके पति नरेश कौशल 14 की सुबह घर से दफ्तर निकले पर आफि स पहुंचे ही नहीं। उन्होंने बताया कि उनके पति बाईपास के नजदीक आईपीएच आफिस में काम करते हैं। उन्होंने अपनी शिकायत में लिखवाया कि उनके पति पिछले



दो तीन दिनों से अपसेट भी थे। 14 तारीख को घर से तो आफि स के लिए निकले पर कहाँ गए यह पता नहीं चल पाया। बकौल शर्मिला उन्होंने अपने पति के लिए उनके सभी दोस्तों और रिश्तेदारों के यहां भी पता किया पर वह कहीं भी नहीं मिले। आखिर में उन्होंने पुलिस में मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने अपनी और से तफ्तीश की पर नरेश का कहीं भी पता नहीं चल सका। अब पुलिस ने नरेश का पता बताने वाले को उचित इनाम देने की बात कही है। बालूगंज थाना में इस केस को देख रहे अन्वेषण अधिकारी छोटू राम ने कहा कि टूटीकंडी निवासी नरेश कौशल इस वर्ष 14 फरवरी से लापता हैं। उन्होंने कहा कि इस व्यक्ति की जानकारी देने वाले को उचित इनाम दिया जाएगा। छोटू राम मोबाइल नंबर 9418400097

# आगामी 13 और 14 मार्च को प्रदेश में फिर सक्रिय होगा पश्चिमी विक्षोभ

**चमन शर्मा**
**शिमलाः हिमाचल प्रदेश** में आगामी 13 मार्च को फि र से एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने वाला है। इसके प्रभाव से प्रदेश के ऊंचाई वाले जिलों में हल्की बर्फ बारी होने के आसार हैं। वहीं इस दौरान प्रदेश के मध्यवर्ती और निचले इलाकों में भी बारिश के साथ-साथ ओलावृष्टि होने की भी संभावना जताई गई है। मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक प्रदेश में यह पश्चिमी विक्षोभ दो दिनों तक सक्रिय रहेगा। इसके बाद हिमाचल प्रदेश में आगामी 20 मार्च तक मौसम के साफ बने रहने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला में मौसम वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि बीते 24 घंटे में हिमाचल प्रदेश के ऊपरी इलाकों जिला लाहौल स्पीति और किन्नौर में हल्की बर्फ बारी दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि बीते दिनों हिमाचल प्रदेश में एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुआ, जिसका असर आज 11 मार्च तक प्रदेश में देखने को मिलेगा। मौसम वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि वहीं प्रदेश में आगामी 13 और 14 मार्च को एक अन्य पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है। जिसमें जिला चंबा, लाहौल स्पीति, किन्नौर, कुल्लू और शिमला के ऊपरी इलाकों में बर्फ बारी होने की संभावना है।

# नारी शक्ति फिटनेस रन प्रतियोगिता का करवाया गया आयोजन

**विवेकानंद वशिष्ठ**
**हमीरपुरः नेहरू युवा** केंद्र हमीरपुर के सौजन्य से जिला युवा अधिकारी दीप माला के दिशा निर्देश से हमीरपुर जिले के सभी विकास खंडों मे नारी शक्ति फिटनेस रन प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। नारी शक्ति फि टनेस रन प्रतियोगिता का आयोजन युवा मंडल लोहारी, नव ज्योती महिला मण्डल सल्यास, ज्योली देवी युवक मण्डल, सहारा यूथ क्लब रोपा के सहयोग से किया गया। प्रतियोगिता में विशेष रूप से एनएसएस के नोल्ड ऑफिसर डॉक्टर उत्तम शर्मा, सूबेदार जसपाल सिंह, हवलदार मेहर सिंह, पूर्व प्रधान संजीव कुमार,



प्रधान कमलेश कुमारी और प्यारेलाल उपस्थित रहे।
इस प्रतियोगिता में स्थानीय महिलाओं, युवतियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में नारी शक्ति की दौड़ करवाई गई। दौड़ में हमीरपुर विकास खंड से पल्लवी प्रथम स्थान पर, प्रियंका दूसरे एवं जागृति तीसरे स्थान पर रही, नादौन विकास खंड से पिंकी देवी प्रथम स्थान पर, कमलेश द्वितीय स्थान पर एवं सपना तीसरे स्थान पर रहीएभिजरी विकास खंड से वंदना प्रथम स्थान पर कमलेश द्वितीय स्थान पर एवं शीला तीसरे स्थान पर रही। सुजानपुर विकास खंड से प्रथम स्थान सोनल, द्वितीय धान्वी ठाकुर, तृतीय अंजना कुमारी और चतुर्थ गौरी ठाकुर रही। विजेताओं को नारी शक्ति फि टनेस रन की टी शर्ट, टोपी कॉफी मग और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। नेहरू युवा केंद्र हमीरपुर के जिला युवा अधिकारी दीप माला ने बताया कि युवा मामले एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के सौजन्य से नारी शक्ति को सशक्त और फि टनेस का महत्व के प्रति प्रेरित करने के लिए नारी शक्ति फिटनेस रन करवाई जा रही है।

# हमारी हमदर्दी सबके साथ, विक्रमादित्य सिंह के मन मे क्या चल रहा है ये तो वो जाने: राजीव सैजल

**मनीष**
**सोलनः सोमवार को** सोलन में पूर्व स्वास्थ्य मंत्री व भाजपा डॉ राजीव सैजल ने पीडब्ल्यूडी मंत्री विक्रमादित्य सिंह पर अपनी बात रखी है, उन्होंने कहा कि वह भी बागी विधायकों की तरह निराश है और उन पर भी दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अक्सर उनके बयानों से ऐसा लगता है कि वह सरकार को ब्लैकमेल कर रहे हैं या फि र सरकार पर दबाव बना रहे हैं। लेकिन वह भी सरकार से निराश है। वहीं दूसरी तरफ उनकी माता और कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह भी कई बार यह कह चुकी है कि भाजपा कांग्रेस से कई मायनों में बेहतर है। डॉ राजीव सैजल ने भाजपा पर राज्यसभा चुनाव में हुए प्रकरण को लेकर लग रहे धनबल के आरोपों पर कहा है कि भाजपा लोकतांत्रिक तरीके से चलने वाली पार्टी है और हिमाचल में भी जो लोग सरकार से निराश थे, उनका समर्थन भाजपा को मिला है।

# जिला परिषद की बैठक में नही पहुंचे कुछ अधिकारी, सदस्यों ने बैठक का किया बहिष्कार

## बोले : जनप्रतिनिधियों पर अफसरशाही हो रही हावी

**मनीष**
**सोलन : सोमवार को** जिला परिषद सोलन की बैठक में हंगामा देखने को मिला जहां पर अधिकारियों के बैठक में बार.बार ना आने पर आज जिला परिषद सदस्यों ने बहिष्कार किया और अफसरों को तानाशाही नही चलेंगी के नारे लगाए और सरकार को चेताने का प्रयास किया कि अधिकारी चुने हुए प्रतिनिधियों की आवाज को दबाने का प्रयास कर रहे हैं और लगातार अफसर शाही हावी होती जा रही है। जिला परिषद सोलन की बैठक में आज सभी 17 जिला परिषद सदस्य मौजूद थे लेकिन पीडब्लयूडी, इलेक्ट्रिसिटी और ए आईपीएच और परिवहन विभाग के मुख्य अधिकारियों के बैठक में पहुंचने



से आज जिला परिषद के सदस्य नाराज दिखाई दिए और इसी बात को लेकर उन्होंने बहिष्कार किया। जिला परिषद सोलन के अध्यक्ष रमेश ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि लगातार पिछले दो-तीन बैठकों से अधिकारी बैठकों में ना आकर अपने दफ्तर में आराम फरमा रहे हैं और जिन लोगों को जानकारी नहीं होती है उन लोगों को बैठकों में भेज दिया जाता है जो की बैठक में संबंधित मुद्दों पर जवाब भी नहीं दे पाते हैं। उन्होंने कहा कि कई बार ऐसे अधिकारियों को नोटिस दिया गया है लेकिन बावजूद इसके अभी तक लचर प्रणाली अधिकारी दिखा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार पर अफसर शाही हावी होती जा रही है इसको लेकर वे लोग सरकार के समक्ष भी बात रखेंगे और ऐसे अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई करने की भी मांग की जाएगी। वहीं जिला परिषद सदस्य मनोज ठाकुर और दर्पण ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला परिषद सोलन की पहली बैठक में जो मुद्दे लेकर वह लोग पहुंचे थे वह आज तक पूरे नहीं हो पाए हैं रोड की मेंटेनेंस, डंगे लगाने और बसों को चलाने को लेकर मांगे जिला परिषद के सदस्य इन बैठकों में आते हैं लेकिन विभाग के अधिकारी खुद बैठक में न पहुंचकर छोटे अधिकारियों को भेज देते हैं।

# किन्नौरी में पढ़ाई के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने लांच किया प्राइमर

टीम **एक्शन इंडिया**
शिमला: शिक्षा के प्रारंभिक **चरण में विद्यार्थियों** को उनकी मातृभाषाओं में शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराने और उन्हें अपनी भाषा में अध्ययन करने का अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने भारतीय भाषाओं के 52 प्राइमर लांच किये हैं। इनमें हिमाचल प्रदेश की स्थानीय भाषा किन्नौरी का प्राइमर भी शामिल है। इन प्राइमरों का उद्देश्य न केवल पढ़ने और लिखने में भाषा दक्षता प्रदान करना है, बल्कि प्रारंभिक चरण के शिक्षार्थियों के बीच रचनात्मकता और आलोचनात्मक सोच को बढ़ावा देना भी है। केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास व उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने ये प्राइमर लांच किये। हिमाचल प्रदेश के लिए किन्नौरी प्राइमर तैयार किया गया है। प्रदेश के किन्नौर जिले में मुख्य रूप से यह भाषा बोली जाती है। शिक्षा मंत्रालय की पहल पर एनसीआरटी ने 17 राज्यों की 52 स्थानीय भाषाओं में प्राइमर तैयार किये हैं। इनमें आदिवासियों द्वारा बोली जाने वाली और स्थानीय स्तर पर प्रचलित भाषाओं को शामिल किया गया है। श्री प्रधान ने इस अवसर पर कहा, ह्लनई शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 में भारतीय भाषाओं में शिक्षण को विशेष महत्व दिया गया है। स्थानीय भाषा में पठन-पाठन से बच्चों में विषय के प्रति स्पष्टता बढ़ेगी। सरकार की यह पहल भविष्य में शिक्षा के क्षेत्र में गेमचेंजर साबित होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने में भी यह महत्वपूर्ण कदम होगा। शिक्षा मंत्रालय द्वारा विकसित ये प्राइमर किसी भाषा की वर्णमाला के अक्षरों व प्रतीकों का उच्चारण करने, पहचानने और समझने की कुंजी के रूप में कार्य करेगा। यह बच्चों को इन अक्षरों के एक या अधिक सेटों के संयोजन से बने अर्थों से भी परिचित कराता है। आमतौर पर बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा की शुरूआत उनकी स्थानीय भाषा से होती है। स्कूल जाने के पश्चात उन्हें हिंदी या राज्य की प्रमुख भाषा में पढ़ाई करनी पड़ती है।

## न्यूज फ्लैश

### मोटरसाइकिल चुराने वाला काबू, दो मोटरसाइकिलें बरामद

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** एंटी व्हीकल थेफ्ट यूनिट की टीम ने मोटरसाइकिल चोर आरोपी गौरव पुत्र दिलबाग वासी गांव गढ़ी गुजरान थाना इंद्री को काबू कर गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से उसकी निशानदेही पर दो मोटरसाइकिलें बरामद की गई।

पुलिस जांच में पाया गया कि आरोपी गौरव ने 28 जून 2023 को शिकायतकर्ता देवेंद्र वासी शामली की मोटरसाइकिल कल्पना चावला हॉस्पिटल के बाहर से चोरी की और 25 जनवरी 2024 को शिकायतकर्ता गुलशन वासी निसिंग की मोटरसाइकिल सीएचसी निसिंग से चोरी कर वारदातों को अंजाम दिया था। इस संबंध में अज्ञात आरोपी के खिलाफ थाना सिविल लाइन में साल 2023 में और थाना निसिंग में साल 2024 में मुकदमा दर्ज किया गया था।

पुलिस पूछताछ में पाया गया कि आरोपी आदतन अपराधी है, जो कि पैसों और नशापूर्ति के लालच में वारदाते करता है। इसके खिलाफ पहले भी चोरी के तहत कई मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें आरोपी गौरव जेल में भी जा चुका है। आरोपी गौरव को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### स्कूल बस चालकों को यातायात नियम बारे किया जागरूक

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिला पुलिस द्वारा पुलिस महानिरीक्षक ट्रैफिक और हाईवे के आदेशानुसार और पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के निर्देशन में यातायात नियम जागरूकता अभियान चलाया हुआ है। इस अभियान के तहत टीम द्वारा अलग-अलग जगहों पर जाकर वाहन चालकों को जागरूक किया जाता रहा है।

डीएसपी ट्रैफिक ओमप्रकाश के निर्देशन और प्रबंधक थाना यातायात सुरेश कुमार के नेतृत्व और एसआई सतपाल सिंह की अध्यक्षता में टीम ने आज इस अभियान में शहर के आरएस पब्लिक स्कूल, आदर्श पब्लिक स्कूल और मोंटफोर्ट वर्ल्ड स्कूल और अन्य स्कूलों में जाकर स्कूल बसों में आवश्यक उपकरणों को चेक किया और जिन स्कूल बसों में यातायात नियमों के अधीन ये आवश्यक उपकरण नहीं पाए गए, उन स्कूल बसों के टीम द्वारा चालान भी किए गए।

थाना यातायात की टीम द्वारा अभियान के दौरान स्कूल बसों को रुकवाकर भी चेक किया गया और सभी स्कूल प्रबंधकों, बस चालकों को यातायात नियमों की पालना करने बारे भी जागरूक किया गया। इस अभियान का उद्देश्य स्कूल बसों में आने जाने वाले विद्यार्थियों को सुरक्षा मुहैया करवाना है। यातायात नियमों की पालना के लिए जिले में ऐसे अभियान जिला पुलिस की थाना यातायात की टीम द्वारा निरंतर जारी रहेंगे और वाहन चालकों से दृढ़ता से यातायात नियमों की पालना करवाई जाएगी।

### छीना झपटी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** सीआईए वन की टीम ने विश्वसनीय सूचना पर छीना झपटी करने वाले दो आरोपियों अनिल कुमार पुत्र पाला राम और सचिन पुत्र हरबीर सिंह वासियान रामगढ़ छानो इंद्री करनाल को कस्बा इंद्री से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से 4 मार्च को शिकायतकर्ता कुलविंदर वासी घिससरपुरी से बस स्टैंड इंद्री के पास से छीना हुआ बैग, जिसमें एक मोबाइल, कपड़े और वारदात में इस्तेमाल मोटरसाइकिल बरामद की गई। इस संबंध में अज्ञात आरोपी के खिलाफ थाना इंद्री में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस पूछताछ में पाया गया कि दोनों आरोपियों ने पैसों के लालच में नशापूर्ति के लिए वारदात को अंजाम दिया था।

# 'प्रशासन आम चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन करवाने के लिए कृत संकल्प'

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में लोकसभा 2024 के आम चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन करवाने के उद्देश्य से प्रबंधों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव तिथियों की घोषणा के तुरंत बाद ही आदर्श आचार संहिता लागू हो जाती है। सभी विभागों के अधिकारी आचार संहिता की दृढ़ता से पालना करना सुनिश्चित करेंगे।



उन्होंने चुनाव तैयारी समीक्षा के दौरान एआरओज को निर्देश दिए कि वे भारत निर्वाचन आयोग की हैंड बुक को अवश्य पढें. ताकि चुनाव के समय उन्हें किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करने पड़े। उन्होंने कहा कि एआरओज अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सभी पोलिंग बूथों का निरीक्षण करें और मतदान के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी करवाना सुनिश्चित करें। मतदाता की सुविधा के लिए सभी पोलिंग बूथों पर पीने का पानी, सुलभ शौचालय, बिजली की व्यवस्था तथा दिव्यांग मतदाताओं के लिए पोलिंग बूथों में रैंप तथा व्हील चेयर की उपलब्धता सुनिश्चित करें।

उन्होंने यह भी कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में संवेदनशील व अति संवेदनशील पोलिंग बूथों की पहचान करें और ऐसे पोलिंग बूथों पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि सभी एआरओ राजनैतिक दलों के साथ मीटिंग करें और आर्दश आचार संहिता को लेकर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी की जाने वाली हिदायतों के बारे में जानकारी दें। उत्तम सिंह ने कहा कि स्वीप कार्यक्रम के तहत अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करें और उन्हें ईवीएम के माध्यम से मतदान करने का प्रशिक्षण भी दिया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि दस-दस ऐसे पोलिंग बूथों पर विशेष ध्यान दिया जाए जहां पर पिछले लोकसभा के चुनाव में मतदान प्रतिशत कम रहा था। ऐसे बूथों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करवाएं जाए और लोगों को वोट के महत्व के बारे में जानकारी दी जाए ताकि मतदान प्रतिशत बढ़ सके। उन्होंने कहा कि स्वीप गतिविधियों के तहत प्रचार गाड़ी को सार्वजनिक स्थानों पर खड़ा किया जाए ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों की भागीदारी सुनिश्चि हो सके और उन्हें ईवीएम के बारे में प्रशिक्षण दिया जा सके।

## विधायक पंवार ने जय गुरू दक्ष प्रजापति के नाम से चौक का नामकरण के लिए निगम कमीश्नर को लिखा पत्र

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः विधायक** सुरेंद्र पंवार ने जय गुरू दक्ष प्रजापति के नाम से चौक का नामकरण के लिए नगर निगम कमीश्नर को पत्र लिखा है। उन्होंने पत्र में नगर निगम क्षेत्र सोनीपत में एक चौक का नामकरण श्री गुरू दक्ष प्रजापति महाराज के नाम से करवाने की मांग की है।

विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि जय गुरु दक्ष प्रजापति महाराज एक बहुत बड़े महान संत थे। जिन्होंने सबसे पहले मानव जाति की जरूरतों को पूरा करने के लिए काम किया था। हमारा सौभाग्य रहेगा कि हम एक चौक का नामकरण जय गुरु दक्ष प्रजापति महाराज के नाम से करवाएंगे। गुरु दक्ष प्रजापति महाराज ने अपना समस्त जीवन समाज के लिए समर्पित किया। अब हम सभी की जिम्मेदारी बनती है कि उनके दिखाई मार्ग पर स्वंय भी व युवा पीढ़ी को भी चलने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को जल्द से जल्द गुरू जी के नाम से चौक का नामकरण करवाने की मांग की है। विधायक सुरेंद्र पवार ने कहा कि गुरु दक्ष प्रजापति महाराज के नाम से चौक का नामकरण होने से युवा पीढ़ी को उनके दिखाए मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलेगी। उनके द्वारा किए गए कार्यों से प्रेरित होकर समाज का प्रत्येक जन जन भलाई के और अधिक कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि इससे पहले गुरु दक्ष प्रजापति के नाम से शहर में कोई भी चौक नहीं है, जिसकी वजह से समाज की भी मांग है कि गुरु दक्ष प्रजापति के नाम से चौक का नामकरण करवाया जाए ताकि समाज के लोग चौक पर पहुंचकर गुरुजी को श्रद्धापूर्वक याद कर सके व उनके दिखाई मार्ग पर चलकर समाज भलाई में अपना योगदान दे सके।

## योग इंसान का एक ऐसा दोस्त, जो बीमारी से लड़ता रहता है: दिनेश गुलाटी



**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत मिशन प्रमुख दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में आज का शानदार सत्र सैक्टर 12 फव्वारा पार्क से संचालित किया गया। सत्र की शुरूआत दिनेश गुलाटी ने सूक्ष्म व्यायाम से की। आसन सत्र में उन्होंने भू नमन, ताड़ आसन, कटिचक्र आसन, वीरभद्र आसन और वृक्ष आसन का अभ्यास करवाया, जो हमारे शरीर का संतुलन बनाए रखने में सहायक होते हैं। उसके बाद आसनों में सर्वश्रेष्ठ आसन सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया गया, जिसमें सभी शिक्षकों ने साथ दिया।

प्राणायाम का अभ्यास के दौरान दिनेश गुलाटी ने कहा कि योग न केवल हमारे शरीर की मांसपेशियों को अच्छा व्यायाम देता है, बल्कि हमारे दिमाग को शांत रखने में मदद करता है। योग करने से अनेकानेक लाभ मिलते हैं। जहां जिम करने से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है, लेकिन योग शारीरिक रूप के साथ साथ मानसिक और आध्यात्मिक रूप से भी स्वस्थ रखता है। दिन-प्रतिदिन लोगो में योग के प्रति जागरूकता बढ़ रही है।

## जे & के: प्रधानमंत्री मोदी ने पत्थर की बजाय रोजगार दिया : कैलाश विजयवर्गीय

**सोनीपतः भाजपा** के राष्ट्रीय महामंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि मोदी सरकार ने धारा-370 को हटाकर जम्मू-कश्मीर के युवाओं के हाथों में पत्थर की बजाए रोजगार देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा किए गए वादों का विपक्ष ने मजाक उड़ाया, लेकिन मोदी सरकार ने हर वादे को निभाकर विपक्ष को जवाब दिया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने मोदी-मनोहर सरकार की उपलब्धियां गिनवाई और विपक्ष पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि विपक्ष की सरकारों में पर्ची और खर्ची से ही नौकरियां मिलती थी। नायब सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद को खत्म कर योग्यता के आधार पर नौकरियों देने का काम किया है।

## 'नीतियों का लाभ अल्पसंख्यक समुदाय को मिला'

### 'तीसरी बार मोदी को प्रधानमंत्री बनाने में अल्पसंख्यक मोर्चा की अहम भूमिका रहेगी'

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः भारतीय** जनता पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश प्रभारी एवं मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने कहा है कि भाजपा की कल्याणकारी नीतियों का लाभ बिना जात-पात एवं धर्म भेद के अल्पसंख्यक समुदाय को भी मिला है, इसलिए तीसरी बार मोदी को प्रधानमंत्री बनाने में अल्पसंख्यक मोर्चा की अहम भूमिका रहेगी।



मोर्चा के जिलाध्यक्ष साहिब खान एवं प्रदेश सचिव शकील खान के नेतृत्व में मोर्चे की नवगठित टीम ने राजीव जैन का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया और विश्वास दिलवाया कि अल्पसंख्यक समाज को पार्टी के साथ मजबूती से जोड़ने का काम करेंगे। राजीव जैन ने कहा कि आयुष्मान प्रधानमंत्री आवास योजना, मुफ्त राशन, करोना काल में वैक्सीन, किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, उज्ज्वला योजना का लाभ सभी को मिला, जबकि पूर्व की सरकारों में वोट देने के हिसाब से योजनाओं का लाभ मिलता था।

जिलाध्यक्ष साहिब खान ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें मिली है उसे पूरी कर्तव्य निष्ठां से निभाएंगे और हर विधान सभा क्षेत्र में मोर्चा के कार्यकताओं की टीम तैयार करेंगे जो अल्पसंख्यक वर्ग के घर-घर जाकर दस्तक देगी और भाजपा की जनकल्याण कारी नीतियों से अवगत कराएंगी ।

## वार्ड नं 1 में करवाए जा रहे विकास कार्यों का निरीक्षण करने पहुंचे मेयर निखिल

### पुरखास अड्डे से सब्जी मंडी चौक तक 1 करोड़ 97 लाख की लागत द्वारा आर एम सी (सीमेंटेड कंक्रीट) से बनने वाली सड़क का किया निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः नगर** निगम मेयर निखिल मदान ने सोमवार को वार्ड नं 1 का दौरा किया और नगर निगम द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों का जायजा लिया। इस अवसर पर मेयर निखिल मदान ने पुरखास अड्डे से सब्जी मंडी चौक तक आर एम सी से बन रहे 800 मीटर लम्बे जटवाड़ा रोड का निरीक्षण किया और मौके पर मौजूद निगम अधिकारियों को जरुरी दिशा निर्देश दिए। मेयर निखिल मदान ने बताया कि सब्जी मंडी चौक से जैन विद्या मंदिर स्कूल तक सड़क का हिस्सा बना दिया गया है। इसके साथ ही सुन्दर सांवरी क्षेत्र से लेकर गौशाला तक भी आर एम सी से सड़क बनाने का कार्य पूरा हो गया है। मेयर निखिल मदान ने बताया कि सड़क के बाकी बचे हिस्से को भी आगामी 20 -25 दिनों में बना दिया जायेगा।



मेयर निखिल मदान ने एजेंसी प्रतिनिधि को पूरा कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ तय समय सीमा में पूरा करने के आदेश दिए। मेयर निखिल मदान ने बताया कि इस सड़क पर नई सीवेरज लाइन बिछाने का 90 फीसदी काम पूरा हो चुका है। कुछ मेनहोल बनाने का कार्य बाकी है और कुछ गलियों की सीवरेज लाइन को नई लाइन से जोड़ा जाना है जिसे आगामी सप्ताह में पूरा कर लिया जायेगा। इस मार्ग पर लाल दरवाजा से लेकर जाहरी मोड तक नई सीवेरज लाइन भी बिछायी गयी है। इस क्षेत्र में वर्षों पुरानी सीवेरज लाइन के जर्जर होने के चलते लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

**निरीक्षण**

**8 अब तीव्र गति से पूरी सड़क का निर्माण कार्य पूरा किया जायेगा जिससे क्षेत्रवासियों को राहत मिलेगी**

मेयर निखिल मदान ने बताया कि आर एम सी सड़क बनाने से पहले पेयजल आपूर्ति पाइप लाइन को भी सड़क से नीचे गहरा दबाया गया है ताकि भविष्य में क्षेत्रवासियों को कोई समस्या ना आये। इसके अतिरिक्त इस सड़क पर 2000 एम एम चौड़ी बरसाती पानी की लाइन भी बिछाई गई है जिससे आगामी दिनों में इस क्षेत्र की जल भराव की समस्या भी दूर होगी । इन सभी कार्यों के चलते सड़क निर्माण में कुछ विलम्ब हुआ है लेकिन अब तीव्र गति से पूरी सड़क का निर्माण कार्य पूरा किया जायेगा जिससे क्षेत्रवासियों को राहत मिलेगी।

## नाटक 'जाति ही पूछो साधु की' ने किया वर्ण व्यवस्था पर प्रहार

**कुरुक्षेत्रः हरियाणा** कला परिषद द्वारा कला कीर्ति भवन में आयोजित होने वाली साप्ताहिक संध्या में जालंधर पंजाब के कलाकारों द्वारा नाटक जाति ही पूछो साधु की मंचित किया गया। विजय तेंदूलकर द्वारा लिखित तथा वसंत देव द्वारा अनुवादित नाटक का निर्देशन डा. अजय कुमार शर्मा द्वारा किया गया। साप्ताहिक संध्या में मुख्यअतिथि के रुप में कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के सदस्य डा.. एम.के. मौदगिल पहुंचे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता अशोक रोशा ने की। कार्यक्रम से पूर्व हरियाणा कला परिषद के निदेशक नागेंद्र शर्मा ने पुष्पगुच्छ भेंटकर मुख्यअतिथि का स्वागत किया। कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर की गई। मंच का संचालन हरियाणा कला परिषद के मीडिया प्रभारी विकास शर्मा ने किया। लवली प्रोफेशनल विश्वविद्यालय के रंगमंच विभाग के विद्यार्थियों द्वारा अभिनीत नाटक की कहानी महीपत बबरुवाहन नामक एक आदमी के इर्द-गिर्द घूमती है। महीपत पिछड़ी जाति का बेरोजगार युवक है। जो किसी तरह थर्ड डिवीजन से हिदी भाषा एवं साहित्य में एमए पास कर लेता है। वह लेक्चरर बनना चाहता है, लेकिन पैसे के आभाव व बड़ी सिफारिश न होने के चलते किसी भी सरकारी और प्राइवेट कॉलेज में उसे नौकरी नहीं मिलती। जब भी वह किसी इंटरव्यू में जाता, तो उसे रिजेक्ट कर दिया जाता। इंटरव्यू में विषय से संबंधित प्रश्न पूछने के बजाय उससे उसकी जाति से संबंधित सवाल जवाब किए जाते। इसी बीच थोड़ी मशक्कत करने के बाद उसका सपना साकार हो जाता है। लेक्चरर पद के लिए अकेला उम्मीदवार होने के कारण महिपत को ग्रामीण महाविद्यालय में नौकरी मिल जाती है। वहां उसका सामना बबना नाम के एक शरारती बच्चे से होता है।

## अमृतधारी सिख युवकों व युवतियों को किया सम्मानित

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। डेरा** कार सेवा में हुए धार्मिक समागम के दौरान 12 से 25 साल के अमृतधारी सिख युवकों व युवतियों को गुरु गोबिंद सिंह के लाडले पुत्र व लाडली धी के अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही उन सभी परिवारों को गुरु गोबिंद सिंह के लाडले परिवार के अवार्ड से नवाजा गया। जिन परिवारों में माता पिता व बच्चों सहित सभी अमृत छक कर खालसा पंथ में शामिल हुए हैं। इंटरनेशनल सिख फोरम व शिरोमणि गतका फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा सिख कौम के महान जरनैल बाबा जस्सा सिंह रामगढ़?ि के जनम शताब्दी वर्ष को समर्पित आयोजन में यह अवार्ड पद्मश्री जगजीत सिंह दर्दी, बाबा सुखा सिंह कार सेवा, बाबा मेहर सिंह नबियाबाद, इंटरनेशनल सिख फोरम के महासचिव



प्रीतपाल सिंह पन्नु, शिरोमणि गतका फेडरेशन ऑफ ऑफ इंडिया के प्रधान गुरतेज सिंह खालसा सहित अन्य प्रमुख सख्शियतों ने प्रदान किए। प्रीतपाल सिंह पन्नु ने बताया कि गुरु गोबिंद सिंह जी ने 1699 की बैसाखी पर पंज प्यारों को अमृत छका कर खालसा पंथ की शुरूआत की थी व उसके बाद उन्होंने कहा था कि

श्रहत प्यारी मुझ को सिख प्यारा नाहीं, यानि अमृत छक कर रहत मयार्दा का पालन करने वाला सिख ही मुझे प्यारा है। इसलिए हमने उन सिख नौजवानों व परिवारों को सम्मानित करने का निर्णय लिया है जो गुरु जी के बताये मार्ग पर चल रहे हैं।

## सम्पत्ति कर डिफाल्टरों पर नगर निगम करेगा कार्रवाई : अभिषेक

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। प्रॉपर्टी** टैक्स डिफाल्टरों को बकाया सम्पत्ति कर जमा करवाने के लिए नगर निगम की ओर से दिया गया समय बीत जाने के बाद निगम के प्रवर्तन दल ने अपनी कार्रवाई शुरू कर दी है। कार्रवाई में सबसे पहले 5 बड़ी सम्पत्तियों की कुर्की की जाएगी।

नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने बताया कि बीते दिनों 100 बड़े डिफाल्टरों को नोटिस जारी किए गए थे और बकाया सम्पत्ति कर जमा करवाने के लिए एक माह का समय दिया गया था। एक माह बाद सभी बकायादारों के पास नगर निगम के प्रवर्तन दल द्वारा स्वयं विजिट कर सम्पत्ति कर जमा करवाने के लिए कहा गया और उन्हें एक सप्ताह का अंतिम समय भी दिया गया। इसके बाद भी उन्हें काफी समय मिल गया है, परंतु अभी तक किसी भी डिफाल्टर की ओर से सम्पत्ति कर जमा करवाने की रूचि नहीं दिखाई गई है। इसे देखते बकायादार की प्रॉपर्टी को अटैच करने की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। हरियाणा सरकार की ओर से बकायादारों को लगातार छूट दी जा रही है। चालू मास मार्च के प्रारम्भ में सरकार ने एक बार पुनः उदारता दिखाते हुए ब्याज माफी का तोहफा दिया है। इसके बावजूद भी जो बकायादार अपना सम्पत्ति कर जमा नहीं करवाएगा, उसके विरूद्ध आवश्यक रूप से कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**कार्रवाई**

**8 ामय बीत जाने के बाद निगम के प्रवर्तन दल ने अपनी कार्रवाई शुरू कर दी है**

छूट की दी जानकारी- छूट की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि 31 मार्च तक जो बकायादार नगर निगम के खजाने में एकमुश्त राशि जमा करवाएगा, उसे समस्त ब्याज माफी की छूट का लाभ मिलेगा। यही नहीं बकाया मूल राशि व चालू वित्त वर्ष के बिलों पर भी 15 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट अनुमत होगी। लेकिन इसके लिए सम्बंधित व्यक्ति को अपनी प्रॉपर्टी आई.डी. को सेल्फ सर्टिफाई यानि स्व-प्रमाणित करना होगा।

## मोदी सरकार की गारंटी ने कारीगरों को बनाया सशक्त और समृद्ध: मनोज कुमार

### खादी ग्रामोद्योग द्वारा डॉ. मंगल सेन ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया कार्यक्रम

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** खादी ग्रामोद्योग भारत सरकार द्वारा डॉ.मंगलसेन ऑडिटोरियम में सोमवार को संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार की भी साझेदारी रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खादी और ग्रामोद्योग भारत सरकार के राष्ट्रीय चेयरमेन मनोज कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि व अन्य सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया।



कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए चेयरमेन मनोज कुमार ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हरियाणा ही नहीं, बल्कि पूरे भारत के कारीगरों को सशक्त और समृद्ध बनाया गया है। उन्होंने कहा कि गरीब किसान एवं मजदूरों का जीवन सशक्त और समृद्ध बनाना ही मोदी की गारंटी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में देशभर में आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत और एक भारत-श्रेष्ठ भारत अभियान के तहत ग्रामीण भारत के कुशल कारीगरों को नई तकनीकों से जोड? के लिए केवीआईसी द्वारा देश के सभी राज्यों में ग्रामीण स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से कारीगरों को आधुनिक ट्रेनिंग के साथ-साथ मशीनरी और टूलकिट भी प्रदान किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामोद्योग विकास योजना के अंतर्गत अभी तक 27 हजार से अधिक कुम्हार भाइयों और बहनों को विद्युत चालित चॉक वितरण किए जा चुके हैं। जिसके परिणाम स्वरूप 1 लाख से अधिक कुम्हारों भाईयों के जीवन में बड़ा बदलाव आया है।

**सशक्त**

**8 पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हरियाणा ही नहीं, बल्कि पूरे भारत के कारीगरों को सशक्त बनाया**

उन्होंने कहा कि इसी कड़ी में इस योजना के तहत 6 हजार से अधिक टूल किट और मशीनरी अन्य कारीगरों को वितरित की जा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि हनी मिशन योजना के अंतर्गत अभी तक 20 हजार लाभार्थियों को 2 लाख से अधिक हनी बी-बॉक्स और बी- कॉलोनी का भी वितरण किया जा चुका है। इन सब योजनाओं के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए कारीगरों को आत्म निर्भर बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

## ...तो महापंचायत कर ठोस फैसला लेगा राजपूत समाज

**मांग**

**8 राजपूत समाज करीब 8 प्रतिशत है, जिसके चलते कम से कम दो लोकसभा क्षेत्र से टिकट दी जाएं**

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** लोकसभा चुनाव को लेकर राजपूत समाज मुखर होकर मैदान में आ चुका है। सोमवार को सेक्टर 8 स्थित महाराणा प्रताप भवन में राजपूत सभा करनाल की एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता सभा के प्रधान डॉक्टर नरेंद्र प्रताप सिंह ने की। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर रणनीति तैयार की गई। इसके बाद एक प्रेस वार्ता का आयोजन भी किया गया।



प्रेस वार्ता के दौरान राजपूत सभा करनाल के अध्यक्ष डॉ.नरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि 1966 से लेकर 2019 तक मुख्यधारा के किसी भी राष्ट्रीय राजनीतिक दल ने हरियाणा में राजपूत समाज के व्यक्ति को लोकसभा व राज्यसभा का टिकट नहीं देकर घोर उपेक्षा की है। 2024 के चुनाव में राजपूत समाज अपने हकों को लेकर लामबंद हुआ है। हरियाणा प्रदेश में राजपूत समाज करीब 8 प्रतिशत है, जिसके चलते कम से कम दो लोकसभा क्षेत्र से राजपूत समाज को टिकट दी जाएं। उन्होंने कहा कि करनाल लोकसभा क्षेत्र में करीब डेढ़ लाख वोट राजपूत समाज के हैं।

## संपादकीय

# घातक होगा मायावती का अकेले चुनाव लड़ने का निर्णय

**बहुजन** समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने फिर एक बार आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर घोषणा की है कि बहुजन समाज पार्टी अकेले लोकसभा चुनाव लड़ेगी। मायावती इसके पहले भी कई बार लोकसभा चुनाव के लिए किसी भी तरह के गठबंधन में शामिल होने से इनकार करती रही हैं। उन्होंने चुनाव के लिए अभी तक प्रत्याशियों की घोषणा भी नहीं की है जिसके कारण उनके इंडिया गठबंधन में शामिल होने के कयास लगाए जा रहे हैं। 2024 के आम चुनाव में राजनीतिक लिहाज से उत्तर प्रदेश जैसे अहम राज्य में हर राजनीतिक दल अधिक से अधिक सीटें हासिल करना चाहता है। इसलिए एनडीए और इंडिया गठबंधन में छोटे-बड़े दल शामिल होकर अपना राजनीतिक कद और हैसियत बढ़ाना चाहते हैं। ऐसे में मायावती का किसी गठबंधन का हिस्सा न बनना कई प्रश्न खड़े करता है। प्रश्न यह है कि क्या अकेले चुनाव लड़कर मायावती एनडीए और इंडिया गठबंधन को चुनौती दे पाएगी? क्या मायावती को भरोसा है कि उनका कोर वोट बैंक पूरी तरह उनका साथ देगा? क्या मायावती को लगता है कि त्रिकोणीय मुकाबले में बसपा हावी रहेगी? क्या मायावती को इस बात का भरोसा है कि इंडिया गठबंधन की बजाय मुस्लिम मतदाता उनके साथ मजबूती से खड़े होंगे? क्या मायावती चुनाव नतीजों के हिसाब से रणनीति का खुलासा करेगी? क्या मायावती एकला चलो की राह पर हैं या फिर वो जिस तरह से खामोश हैं उसके पीछे कोई बड़ा प्लान है? बसपा प्रमुख ने पिछले छह-सात महीने में अकेल चुनाव लड़ने की बात कई बार कही है, साथ ही यह भी कहा कि गठबंधन करने से उनको नुकसान होता है। इसमें कोई गलत बात नहीं है कि कोई पार्टी गठबंधन नहीं करे और चुनाव अकेले लड़े। लेकिन पार्टी लड़ते हुए तो दिखाई दे! मायावती की बहुजन समाज पार्टी बीजेपी और समाजवादी पार्टी दोनों के साथ गठजोड़ कर चुकी है। लेकिन बीते ढाई दशकों से बसपा का भाजपा के बीजेपी के प्रति ज्यादा रुझान देखा गया है। मायावती तीन बार भाजपा के सहयोग से यूपी की मुख्यमंत्री भी बन चुकी हैं। बसपा ने पिछला लोकसभा चुनाव समाजवादी पार्टी के साथ मिल कर लड़ा था लेकिन सपा की सहायता से षून्य से 10 सीट पर पहुंचने के बाद ही उन्होंने तालमेल समापत कर दिया था। इसमें कोई दो राय नहीं है कि बसपा का वोट बैंक भी खिसक रहा है। बसपा सुप्रीमो भले ही ये कहें कि गठबंधन से उनकी पार्टी को नुकसान होता है लेकिन सच्चाई तो ये है कि पिछले लोकसभा चुनाव में गठबंधन का सबसे ज्यादा लाभ बसपा को ही हुआ था। वर्ष 1996 में बसपा 6 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल की थी, तब बसपा को 20.6 प्रतिषत मत मिले थे। वर्ष 1998 में बसपा को चार सीटें मिली और वोट प्रतिशत बढ़कर 20.9 प्रतिषत हो गया। वर्ष 1999 में बसपा को 14 सीटें मिली और मत 22.08 प्रतिशत हो गया। वर्ष 2004 में सीटें बढ़कर 19 हो गईं और 24.67 प्रतिषत मत मिले। बसपा ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन वर्ष 2009 में किया जब पार्टी को 20 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल हुई और 27.42 प्रतिशत मत मिले। बसपा की स्थिति साल 2014 से बदलती चली गई। बीस सांसदों वाली बसपा को इस चुनाव में एक भी सीट हासिल नहीं हो पाई और उसका मत प्रतिशत भी गिरकर 19.77 प्रतिशत पर आ गया। बसपा के वोट में लगभग आठ प्रतिशत की गिरावट आई।

# मुक्त व्यापार संघ के समझौते से आत्मनिर्भर भारत का आगाज



किशन सनमुखदास

> इन देशों में स्विट्जरलैंड, भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है। इसके बाद नॉर्वे का स्थान है। भारत 27 देशों के समूह यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ अलग से एक वृहद मुक्त व्यापार करार के लिए बातचीत कर रहा है। आगे कहा कि व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौते (टीईपीए) के तहत ईएफटीए देश अगले 15 साल में भारत में 100 अरब डॉलर का निवेश करेंगे। साथियों बात अगर हम टीईपीए की मुख्य विशेषताओं की करें तो, (1) ईएफटीए ने अगले 15 वर्षों में भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के स्टॉक को 100 बिलियनडॉलर तक बढ़ाने और ऐसे निवेशों के माध्यम से भारत में 1 मिलियन प्रत्यक्ष रोजगार के सृजन की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से निवेश को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्धता जताई है। निवेश विदेशी पोर्टफोलियो निवेश को कवर नहीं करता है

वैश्विक स्तरपर भारत अपनी व्यापारिक आर्थिक रक्षा स्वास्थ्य परिवहन शिक्षा सहित अनेक क्षेत्रों में पूरी दुनिया और विशेष रूप से विकसित देशों के साथ अपने मुक्त व्यापार समझौते की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है क्योंकि इससे वस्तुओं सेवाओं में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी आम जनता को अच्छे व सस्ते उत्पाद सेवाएं सुविधा प्राप्त होगी। परंतु हम पिछले कुछ दिनों से देख रहे हैं कि दुनिया के किसान टीईपीए का विरोध कर रहे हैं क्योंकि इससे उनके उत्पाद का मूल्य गिर रहा है परंतु सरकार का इस दिशा में आगे तेजी से बढ़ना शुरू है, इसी का परिणाम है कि करीब 16 वर्षों की बातचीत का सकारात्मक परिणाम दिनांक 10 मार्च 2024 को देर शाम आया,जब भारत और यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ के साथ समझौता हो गया याने आईएफटीए के चार विकसित देश स्विट्जरलैंड नॉर्वे आइसलैंड व लिंकटेस्टीम शामिल है इनसे व्यापार व आर्थिक समझौता हो गया है जो दोनों पक्षों के लिए बाध्यकारी है, जिसका परिणाम भारत के अगले 15 वर्षों में 100 अरब डॉलर का निवेश आने की संभावना को रेखांकित करना जरूरी है, जो मिशन 2047 के लिए मील का पत्थर साबित होगा। चुंकि भारत का 16 वर्षों की बातचीत के बाद यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ के साथ व्यापारी को आर्थिक साझेदारी समझौता हुआ है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे भारत और यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ के समझौते के विकास का आगाज मीलल का पत्थर साबित होगा।

साथियों बात अगर हम ईएफटीए द्वारा टीईएपी पर हस्ताक्षर करने की करें तो,भारतझ्रयूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन ने आज यानी 10 मार्च, 2024 को एक व्यापार एवं आर्थिक साझीदारी समझौता ( टीईपीए ) पर हस्ताक्षर किए।भारत ईएफटीए देशों, जिनमें स्विट्जरलैंड, आइसलैंड, नॉर्वे और लिकटेंस्टीन शामिल हैं, के साथ व्यापार एवं आर्थिक साझीदारी समझौता (टीईपीए) पर काम करता रहा हैपीएम की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने ईएफटीए देशों के साथ टीईपीए पर हस्ताक्षर करने को मंजूरी दे दी है। ईएफटीए अपने चार सदस्य देशों के लाभ के लिए मुक्त व्यापार एवं आर्थिक एकीकरण को बढ़ावा देने के लिए 1960 में गठित एक अंतरझ्रसरकारी संगठन है। इस अवसर पर संबोधित करते हुए, केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग, खाद्य एवं उपभोक्ता मामले तथा वस्त्रमंत्री ने कहा, टीईपीए एक आधुनिक और महत्वाकांक्षी व्यापार समझौता है। पहली बार, भारत चार विकसित देशोंझ्रजो यूरोप में एक महत्वपूर्ण आर्थिक ब्लॉक हैझ्रके साथ एफटीए पर हस्ताक्षर कर रहा है। एफटीए के इतिहास में पहली बार 100 बिलियन डॉलर के निवेश और 1 मिलियन प्रत्यक्ष रोजगार की बाध्यकारीप्रतिबद्धता की गई है। यह समझौता मेक इन इंडिया को बढ़ावा देगा तथा युवा एवं प्रतिभाशाली श्रमबल को अवसर प्रदान करेगा। यह एफटीए बड़े यूरोपीय तथा वैश्विक बाजारों तक भारतीय निर्यातकों को पहुंच प्रदान करेगा।ह्यइस समझौते में 14 अध्याय शामिल हैं, जिसमें मुख्य फोकस वस्तुओं से संबंधित बाजार पहुंच, उद्भव के नियमों, व्यापार सुगमीकरण, व्यापार उपचारों, स्वच्छता एवं पादप स्वच्छता उपायों, व्यापार से संबंधित तकनीकी बाधाओं, निवेश संवर्धन, सेवाओं पर बाजार पहुंच, बौद्धिक संपदा अधिकारों, व्यापार एवं सतत विकास तथा अन्य संबंधित कानूनी प्रावधानों पर है। ईएफटीए एक महत्वपूर्ण क्षेत्रीय समूह है जिसमें वस्तुओं और सेवाओं में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में वृद्धि करने के लिए निरंतर अवसर बढ़ रहे हैं। ईएफटीए यूरोप में तीन (अन्य दो ईयू एवं ब्रिटेन) में से एक महत्वपूर्ण आर्थिक ब्लॉक है। ईएफटीए देशों में से स्विट्जरलैंड भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझीदार है जिके बाद नॉर्वे का स्थान आता है।

साथियों बात अगर हम केंद्रीय वाणिज्य मंत्री के विचारों की करें तो उन्होंने बताया कि भारत और ईएफटीए के साथ हुए समझौते में सामान सेवाएं और निवेश, आईटी, ऑडियो विजुअल और कुशल पेशेवरों जैसे प्रमुख घरेलू सेवा क्षेत्रों को शामिल किया गया है। इसमें निवेश और निर्यात को बढ़ावा देना प्रमुख हैं। दोनों पक्षों ने अक्टूबर, 2023 में वार्ता फिर शुरू की और इसे तेजी से पूरा किया। भारत ईएफटीए आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए जनवरी, 2008 से आधिकारिक तौर पर व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौते (टीईपीए) समझौते पर बातचीत कर रहे थे।भारत-ईफएटीए के बीच द्विपक्षीय व्यापार पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में 18.65 अरब डॉलर रहा था, जबकि वित्त वर्ष 2021-22 में 27.23 अरब डॉलर था। पिछले वित्त वर्ष में व्यापार घाटा 14.8 अरब डॉलर था। इन देशों में स्विट्जरलैंड, भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है। इसके बाद नॉर्वे का स्थान है। भारत 27 देशों के समूह यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ अलग से एक वृहद मुक्त व्यापार करार के लिए बातचीत कर रहा है। आगे कहा कि व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौते (टीईपीए) के तहत ईएफटीए देश अगले 15 साल में भारत में 100 अरब डॉलर का निवेश करेगें। साथियों बात अगर हम टीईपीए की मुख्य विशेषताओं की करें तो, (1) ईएफटीए ने अगले 15 वर्षों में भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के स्टॉक को 100 बिलियनडॉलर तक बढ़ाने और ऐसे निवेशों के माध्यम से भारत में 1 मिलियन प्रत्यक्ष रोजगार के सृजन की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से निवेश को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्धता जताई है। निवेश विदेशी पोर्टफोलियो निवेश को कवर नहीं करता है।2 )एफटीए के इतिहास में पहली बार लक्ष्य उन्मुख निवेश को बढ़ावा देने और रोजगारों के सृजन के बारे में कानूनी प्रतिबद्धता जताई जा रही है।(3) ईएफटीए अपनी 92.2 प्रतिशत टैरिफ लाइनों कीपेशकश कर रहा है जो भारत के 99.6 प्रतिशत निर्यात को कवर करता है। ईएफटीए के बाजार पहुंच प्रस्ताव में 100 प्रतिशत गैर-कृषि उत्पाद और प्रसंस्कृत कृषि उत्पाद (पीएपी) पर टैरिफ रियायत शामिल है।(4)भारत अपनी 82.7 प्रतिशत टैरिफ लाइनों की पेशकश कर रहा है जिसमें 95.3 प्रतिशत ईएफटीए निर्यात शामिल है जिसमें से 80 प्रतिशत से अधिक आयात सोना है। सोने पर प्रभावी शुल्क अछूता रहा है। ऑफर बढ़ाते समय फार्मा, चिकित्सा उपकरणों और प्रसंस्कृत खाद्य आदि क्षेत्रों में पीएलआई से संबंधित संवेदनशीलता को ध्यान में रखा गया है। डेयरी, सोया, कोयला और संवेदनशील कृषि उत्पाद जैसे क्षेत्रों को बहिष्करण सूची में रखा गया है।(5)भारत ने ईएफटीए को 105 उप-क्षेत्रों की पेशकश की है और स्विट्जरलैंड से 128, नॉर्वे से 114,लिकटेंस्टीन से 107 और आइसलैंड से 110 उप-क्षेत्रों में प्रतिबद्धताएं हासिल की हैं।(6)टीईपीए हमारी प्रमुख ताकत/रुचि के क्षेत्रों जैसे आईटी सेवाओं, व्यावसायिक सेवाओं, व्यक्तिगत, सांस्कृतिक, खेल और मनोरंजक सेवाओं, अन्य शिक्षा सेवाओं, ऑडियो- विजुअल सेवाओं आदि में हमारी सेवाओं के निर्यात को प्रोत्साहित करेगा।(7) ईएफटीए की सेवाओं की पेशकश में सेवाओं की डिजिटल डिलीवरी ( मोड 1), वाणिज्यिक उपस्थिति (मोड 3) और प्रमुख कर्मियों के प्रवेश और अस्थायी प्रवास के लिए बेहतर प्रतिबद्धताओं और निश्चितता ( मोड 4 ) के माध्यम से बेहतर पहुंच शामिल है।(8)टीईपीए में नर्सिंग, चार्टर्ड अकाउंटेंट, आर्किटेक्ट आदि जैसी व्यावसायिक सेवाओं में पारस्परिक मान्यता समझौतों के प्रावधान हैं।(9)टीईपीए मेंबौद्धिक संपदा अधिकारों से संबंधित प्रतिबद्धताएं ट्रिप्स स्तर पर हैं। स्विट्जरलैंड के साथ आईपीआर अध्याय, जहां आईपीआर के लिए उच्च मानक हैं, हमारी मजबूत आईपीआर व्यवस्था को दशार्ता है। जेनेरिक दवाओं में भारत के हितों और पेटेंट की सदाबहारता (एवरग्रीनिंग) यानी सदाबहार की प्रक्रिया में शामिल पेटेंट कानून और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार कानून के विशिष्ट पहलू, से संबंधित चिंताओं को पूरी तरह से संबोधित किया गया है।(10)भारत सतत विकास, समावेशी विकास, सामाजिक विकास और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनीप्रतिबद्धता का संकेत देता हैव्यापार प्रक्रियाओं की पारदर्शिता, दक्षता, सरलीकरण, सामंजस्य और स्थिरता को बढ़ावा देता है टीईपीए हमारे निर्यातकों को विशेष इनपुट तक पहुंच को सशक्त बनाएगा और अनुकूल व्यापार और निवेश माहौल तैयार करेगा।

## कविता

"झूमता बसन्त है"

फूलों में, कलियों में, पत्तो में, फलियों में,  
गाँव की गलियों में, प्यार के छलियों में,  
झूमता बसन्त है।

रंगों में, अंगों में, प्रेम के प्रसंगों में,  
बागों में, बहारों में, गांवों में, बाजारों में,  
झूमता बसन्त है।

बच्चों में, जवानों में, बूढ़ो में, सयानो में,  
दीवानों परवानों में, मेरे-तेरे अरमानों में,  
झूमता बसन्त है।

एक में, लाखों में, प्यार भरी आंखों में,  
सरसों के फूलों में, प्रीत के झूलों में,  
झूमता बसन्त है।

गेंदा में, गुलाब में, आफताब मेहताब में,  
फितरत में, कुदरत में, मोहब्बत में, नफरत में,  
झूमता बसन्त है।

हंसने में, मुस्काने में, अदा में इतराने में,  
प्यार में, जलन में, विरह में, मिलन में,  
झूमता बसन्त है।

नदियों में, पहाड़ों में, गर्मी में, जाड़ो में,  
दिन में रात में, बातों ही बात में,  
झूमता बसन्त है।

संजीव

## राजस्थान में कांग्रेस उतरेगी हैवीवेट प्रत्याशी

रमेश सर्राफ धमोरा

**कांग्रेस पार्टी** ने आगामी लोकसभा चुनाव में राजस्थान के लिए अभी किसी प्रत्याशी के नाम की घोषणा नहीं की है। जबकि भाजपा ने 25 में से 15 सीटों पर प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दी है। कांग्रेस चुनाव समिति की तरफ से अभी तक देश भर में कुल 39 उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की गई है। आने वाले एक-दो दिनों में कांग्रेस पार्टी द्वारा कई अन्य प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की जाने वाली है। जिसमें राजस्थान के प्रत्याशियों के नाम भी शामिल होने की बात कही जा रही है। राजस्थान में प्रत्याशियों के नाम की घोषणा में देरी के पीछे कांग्रेस पार्टी द्वारा प्रदेश में दो क्षेत्रीय दलों से चुनावी गठबंधन करने की संभावना को बताया जा रहा है। राजस्थान में पिछले दो बार से लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी का खाता भी नहीं खुल पाया था। प्रदेश की सभी 25 लोकसभा सीटों पर दोनों बार भाजपा के प्रत्याशी जीते थे। मगर इस बार के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ऐसे प्रत्याशियों को मैदान में उतरना चाहती है जो भाजपा प्रत्याशियों को कड़ी टक्कर तो देंगे ही साथ ही प्रदेश में जीत का खाता भी खोल सकेंगे। तीन महीने पहले विधानसभा चुनाव में हार चुकी कांग्रेस पार्टी के पास अब प्रदेश में खोने को कुछ नहीं बचा है। ऐसे में कांग्रेस के केंद्रीय नेताओं का मानना है कि आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस करो या मरो की नीति पर चलते हुए पूरी ताकत के साथ चुनाव लडेगी। इसी श्रृंखला में कांग्रेस के सभी प्रदेश स्तरीय बड़े नेताओं को भी चुनाव मैदान में उतार जायेगा। हालांकि कांग्रेस के कई बड़े नेता लोकसभा चुनाव लड़ने में आनाकानी कर रहे हैं। मगर कांग्रेस आलाकमान ने जिस तरह से छत्तीसगढ़ में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को मैदान में उतारा है। उसको देखकर लगता है कि अब राजस्थान में भी कांग्रेस के बड़े नेताओं को चुनाव लड़ना ही पड़ेगा। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत राजस्थान में कांग्रेस के सबसे बड़े नेता माने जाते हैं। मगर उनके गृह क्षेत्र जोधपुर में दो बार से लगातार कांग्रेस हार रही है। पिछली बार तो उनके पुत्र वैभव गहलोत भाजपा के केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से करीबन 3 लाख से अधिक मतों से चुनाव हार गए थे। इसलिए इस बार कांग्रेस आलाकमान स्वयं अशोक गहलोत को जोधपुर से चुनाव मैदान में उतारने जा रहा है। अशोक गहलोत जोधपुर से पांच बार सांसद तथा जोधपुर संसदीय क्षेत्र के ही सरदारपुर से छठी बार विधायक बने हैं। ऐसे में अशोक गहलोत के खुद के चुनाव लड़ने से चुनावी मुकाबला कांटे का होने की संभावना जताई जा रही है। अशोक गहलोत के लोकसभा चुनाव लड़ने का असर प्रदेश की अन्य लोकसभा सीटों पर भी पड़ेगा और कांग्रेस पार्टी मजबूत होगी।

इसी तरह कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सचिन पायलट को टोंक-सवाई माधोपुर सीट से चुनाव मैदान में उतर जाएगा। पायलट अभी टोंक से विधायक है तथा पूर्व में दौसा व अजमेर से सांसद रह चुके हैं।

## विचार

# आत्मकथात्मक लेखन साहित्य की दुरूह विधा है

आत्मकथात्मक लेखन साहित्य की दुरूह विधा है और इस विधा को बड़े भोले और मासूम तरीके से नवोदित लेखिका बलजीत कौर 'सब्र' ने अपनी प्रथम कृति "बीती हुई बतियां" में पिरोया है। बचपन से लेकर अब तक की इनके निजी अनुभवों की जीवंत गाथा को अपने संस्करण में लिपिबद्ध किया है। यह लेखिका के लिए शुभ लक्षण है कि बाल्य काल से ही उनकी पठन-पाठन में गहन रुचि रही है और उसी का सम्यक प्रतिफल का प्रमाण इस कृति के रूप में हमारे हाथों में है। यह बचपन के विभिन्न अध्यायों में विभक्त संस्करणों का एक बड़ा कैनवास है जिसमें लेखिका ने अपनी तूलिका से अलग-अलग रंगों से सजाया है। लिखे गए साहित्य में लेखिका की अपनी स्वयं की अनुभूतियों तथा संवेदनाओं के स्मरण का संप्रेषण तथा अभिव्यक्ति दी है, कलात्मक अभिव्यक्ति में सादा भोलापन,मूल मानवीय संवेदना और

सपाट वक्तव्य भी समाहित हैं, उनके लेखन में कृत्रिमिता कहीं भी दृष्टिगोचर नहीं होती है आडंबर विहीन शब्दों का चयन करके लेखिका ने इसको बड़े ही निजी अंदाज में संकलित किया है। इस किताब में आठ आलेखों में अब तक के अनुभवों का विस्तृत विवरण समाहित है। बीती हुई बतिया में कुछ बातें जो दैनंदिनी की दिनचर्या में उल्लेखित है किंतु कुछ ऐसी बातें जो मन में घूमड घूमड कर मस्तिष्क के तंतुओं में आकर रुक जाती हैं उन्हें भी लिखकर ने भावनात्मक संश्लेषण में अभिव्यक्त किया है। बचपन वाला इश्क, चाय, बारिश को सजदा, स्कूल की अनमोल सखियां, छत पर गुजरे लम्हे, कुछ बातें जो दिल के करीब है, वो दौर, और इस महत्वपूर्ण कृति की मुख्य पृष्ठभूमि में शीर्षक बीती हुई बतियां में लेखिका ने अपने जीवन का निचोड़ प्रस्फुटित किया है। निसंदेह इनका यह प्रथम प्रयास साहित्य जगत के लिए शुभ संकेत है। सचमुच मानवीय संबंधों को पंख और उड़ान देती है चाय की मीठी चुस्कियां यह उनका गहन व्यक्तिगत अनुभव है और चाय को केवल चाय न मानकर बतरस का बेहद रोचक और संग्रहणीय जरिया बनाया है, चाय एक अंतरण बातों का खूबसूरत माध्यम भी हो सकता है यह लेखिका ने साबित किया है। बारिश को सजदा में अंतरंग भावनाओं को अंतस की तपिस को बारिश की बूंदों में शांत करते हुए लेखिका का मन सचमुच अंतरंग बातों से भीग भीग जाता है

यह लेखिका की सफलता है। बाल मन में मित्रता सखियां और बाल मित्र संबंधों की सीमाओं से परे जाकर अंतरंग रिश्ते में परिवर्तित हो जाती है बचपन मित्रता को समर्पित होता है और इन्हीं स्मृतियां को इस कृति में बड़े ही मार्मिक तरीके से इंगित किया गया है। छत पर गुजरे हुए लमहे हर व्यक्ति की जिंदगी में एक अलग अनुभव और विशेषताओं को दशार्ता है यह केवल अनुभव नहीं बचपन की मधुर स्मृतियां जैसे हर मनुष्य लम्हा गुजर जाने के बाद फिर से पाने का प्रयास करता है, इसी जादूगरी में बड़ी दक्षता के साथ लेखिका ने अपनी बात रखी है। बीती हुई रतियों में आकाश के तारों को ताकते हुए भविष्य की कल्पनाओं में खोना मनुष्य का खूबसूरत स्वप्न होता है। उन्हें स्वप्नों को लेखिका ने स्वयं अपने दिल में जिया है। लेखिका भावनात्मक रूप से संवेदनशील है और यही वजह है कि उन्होंने बडे ही संवेदनशील तरीके से अपनी बातों को अपनी किताब में प्रस्तुत किया है। कुछ बातें जो दिल के करीब है मैं लेखिका ने अपने मन की बात को जैसा का वैसा ही लेखन में उतार दिया है उनके लेखन में कहीं भी आत्मश्लाघा, या आत्म प्रवंचना नहीं है, आत्म विश्लेषण होते हुए भी सब कुछ बड़ा खुला एवं स्पष्ट है। लेखिका बलजीत कौर उस कष्ट साध्य समय का भी उल्लेख करती है जब वह करोना जैसे भीषण संक्रमण से पीड़ित थी और उसे दौरान उन्होंने अपनी परिस्थितियों को बड़े ही दिल से संपूर्ण संवेदना और मर्म के साथ लिखने के माध्यम से पाठकों के समक्ष रखा है पूरे विश्व के साथ इस किताब का पाठक भी उसे संक्रमण काल को याद करके नख से शिख तक अत्यंत भयभीत हो जाता है, ऐसे में लेखिका द्वारा उसे पीड़ा को अभिव्यक्त करने का दुरूह कार्य किया है।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**

ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# खरीदने की ताकत

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

उधर गैस सिलेंडर की कीमतें बढ़ीं। इधर जनता हाय-हाय करने लगी। यह बात अंधभक्तों को बुरी लगी। वे लोगों को समझाने निकल पड़े कि गैस सिलेंडर की कीमतें नहीं बढ़ी हैं बल्कि आम जनता में खरीदने की क्षमता में कमी हुई है। जनता कामचोर होती जा रही है। विकासशील देश में ऐसी जनता का होना नाक कटाने से कम नहीं है। कुछ अतिउत्साही अंधभक्तों ने टोली बनाई और तय किया कि ऐसी कामचोर जनता जहाँ भी मिलेगी हम उनकी खूब कुटाई करेंगे और उनसे जमीन पर नाक रगड़वाकर कहलवायेंगे कि दुनिया में इतना सस्ता गैस सिलेंडर कहीं नहीं मिल सकता। और तो और उनसे यह भी कबूलवाने का प्रयास करेंगे कि गैस सिलेंडर में कोई ऐसी-वैसी गैस नहीं है। इसमें देशभक्ति की गैस भरी है। इस गैस से पका पकवान राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता और राष्ट्रभक्ति का संचार करेगा। जो गैस सिलेंडर की कीमतों का विरोध करेगा वह राष्ट्रद्रोही और देश के नाम पर कलंक कहलाएगा। अंधभक्तों ने एक बस्ती पर धावा बोला। वहाँ जाकर लोगों के गैस सिलेंडर उठा लाए। हर किसी के पास एक या दो सिलेंडर थे। अंधभक्तों के मुखिया ने कहा झ्र लोगों से बहस कर सिलेंडर हथियाने में रात हो गई। कल मीडिया में इस खबर के बारे में रिपोर्ट जारी की जाएगी कि किस प्रकार सरकार से मुफ्त के गैस सिलेंडर लेकर उन्हीं पर अंगुली उठा रहे हैं। ऐसा करने से गैस सिलेंडर की कीमतों का विरोध करने वालों के मुँह पर ताला पड़ जाएगा। कल दोपहर को सब मीडिया प्वाइंट के पास मिलेंगे। चूँकि गैस सिलेंडर भरे हुए हैं सो सभी एक सिलेंडर अपने-अपने घर ले जाओ। सभी मैं ले जाऊँगा तो बस्ती भर के लोग इसी पर खाना पकाना शुरू कर देंगे। वैसे नेता का मतलब लूटी हुई सामग्री का एक समान आबंटन करने वाला होता है। तुम सबको तो पता ही है कि इन्हीं सिलेंडरों को होटलों, दुकानों में बेचकर हमारा धंधा पानी चलता है। इसलिए तुम सब भी यही करना। बदले में खाली सिलेंडर उठा लाना। अगले दिन दोपहर को सब मिले पर सिलेंडर कोई नहीं लाया था। अंधभक्त मुखिया ने कहा झ्र सभी अपने-अपने सिलेंडर यहाँ दे दो। इन्हें दिखाकर मीडिया के सामने भोली भाली कहलाने वाली जनता का असली चेहरा बेनकाब करते हैं।

## मातृभाषा से परे

विजय गर्ग

**अपनी समृद्ध सांस्कृतिक** विविधता वाले भारत में 22 अनुसूचित भाषाएँ और 19,500 अन्य सक्रिय भाषाएँ हैं, जिनमें से प्रत्येक का अपना अनूठा सांस्कृतिक मूल्य है। यह बहुभाषी संस्कृति भारत की शिक्षा प्रणाली का केंद्र है और कक्षाओं में इसकी प्रतिध्वनि होती है, जहां छात्र अक्सर दो अलग-अलग भाषाओं में सीखने और अध्ययन करते हैं। शिक्षा में बहुभाषावाद को अपनाने से समावेशिता को बढ़ावा मिलता है, जिससे सभी को गहन सीखने का अनुभव मिलता है।

विद्वान डेविड ग्रैडोल भाषा सीखने से परे बहुभाषावाद के सार का विस्तार करते हैं। वह इसे एक संज्ञानात्मक संपत्ति के रूप में देखते हैं, जो व्यक्तियों को विश्व स्तर पर परस्पर जुड़ी दुनिया में पनपने के लिए सशक्त बनाती है और संज्ञानात्मक लचीलेपन, रचनात्मकता और समस्या-समाधान को बढ़ाने में इसकी भूमिका पर प्रकाश डालती है, इस बात पर जोर देती है कि बहुभाषावाद कैसे महत्वपूर्ण कौशल विकसित करता है। अनुसंधान लगातार इसके संज्ञानात्मक लाभों को दशार्ता है, जिससे पता चलता है कि कुशल बहुभाषी लोगों के पास बेहतर स्मृति, ध्यान, मल्टीटास्किंग क्षमताएं और महत्वपूर्ण सोच और निर्णय लेने जैसे कौशल होते हैं। इसके अनुमानित आर्थिक मूल्य के कारण, भारत में अंग्रेजी भाषा की मांग बढ़ रही है। अंग्रेजी का भविष्य: वैश्विक परिप्रेक्ष्य, एक हालिया शोध प्रकाशन, इस बात पर जोर देता है कि अंग्रेजी एक वैश्विक भाषा बनी रहेगी; भारत में, विशेष रूप से प्राथमिक स्तर पर शिक्षा के माध्यम के रूप में स्थानीय भाषाओं पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा और अंग्रेजी को एक विषय के रूप में पढ़ाया जाएगा। बच्चे की मातृभाषा के साथ एक विषय के रूप में पढ़ाई जाने वाली अंग्रेजी की शुरूआत, बच्चों को भाषा को बेहतर ढंग से सीखने और समझने में सक्षम बना सकती है। यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 में भी परिलक्षित होता है, जो स्थानीय भाषाओं के महत्व और विशेष रूप से प्रारंभिक वर्षों में अधिक समग्र और प्रभावी सीखने का अनुभव प्रदान करने में उनकी भूमिका को स्वीकार करता है।

## न्यूज फ्लैश

### वाहन की टक्कर लगने से सड़क पर गिरी बीबीए की छात्रा को अज्ञात वाहन ने कुचला, छात्रा ने तोड़ा दम

**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**

पानीपत से आखों की जांच करवाकर वापिस लौट रही बीबीए की छात्रा की जीटी रोड पर जैन कालेज के पास हुए सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में छात्रा की मां व भाई भी घायल हो गए। घायल अवस्था में उन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में दाखिल करवाया गया। सूचना मिलने पर बड़ी औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई में जुट गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को बिहार में सिवान जिले के गांव बड़का माझा, हाल निवासी बीएसटी कोलानी निवासी 18 वर्षीय पिंकी मुरथल आइआइटीएम में बीबीए द्वितीय वर्ष की छात्रा थी। सोमवार को पिंकी अपने भाई साहिल व मां संगीता के साथ पानीपत में अपनी आंखों की जांच करवाने के लिए बाइक पर गई थी। वापिसी में जब वह गन्नौर जी टी रोड पर जैन कालेज के पास पहुंचे तो पीछे से तेज गति से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक पिंकी उसका भाई साहिल व मां संगीता सड़क पर गिर कर घायल हो गए। इसी दौरान पीछे से तेज गति से आ रहे एक वाहन ने पिंकी को बुरी तरह से कुचल दिया। जिससे पिंकी बुरी तरह से घायल हो गई। राहगीरों ने उन्हें उपचार के लिए उपमंडल अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां चिकित्सकों ने पिंकी को मृत घोषित कर दिया। बड़ी थाना पुलिस ने पिंकी के शव को ले कर कार्रवाई शुरू कर दी है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया था।

### भोड़वाल माजरी स्टेशन पर मिला व्यक्ति का शव

**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**

भोड़वाल माजरी स्टेशन के पास एक 45 वर्षीय व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। मृतक के दाहिने हाथ की कलाई पर किशन कुमार गुदा हुआ है। सूचना पर जीआरपी पुलिस चौकी से एएसआई भगत राम अपनी टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। मृतक के पास किसी तरह का पहचान पत्र न मिलने की वजह से उसकी पहचान नहीं हो गई। जिसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत सिविल अस्पताल में भिजवा दिया।एएसआई भगत राम ने बताया कि मृतक के शरीर पर किसी तरह का चोट का निशान नहीं पाए गए हैं। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही उसकी मौत के स्पष्ट कारणों का पता चल पाएगा। फिलहाल शव को सिविल अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया गया है। पुलिस मृतक की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

### आंगनबाडी केन्द्र पर अनियमितताओं की शिकायत

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

न्यू प्रकाश नगर स्थित कॉलोनी आंगनबाडी केन्द्र पर अनियमितता का मामला सामने आया है। न्यू प्रकाश नगर स्थित कॉलोनी निवासी मोइद्दीन उफ रोहित ने जिला कार्यक्रम अधिकारी बुद्धि मिश्रा से शिकायत की है। पीडित ने जानकारी देते हुए बताया कि उसका पुत्र लवी जो कि आंगनबाड़ी केन्द्र पर पढने के लिए जाता है। पीडित की मानें तो आंगनबाड़ी केन्द्र के खुलने का समय 10 बजे का है, जबकि केंद्र साढ़े दस से ग्यारह बजे बाद ही खुलता है। इस बीच छोटे बच्चों के साथ माता पिता को केन्द्र के बाहर इंतजार करना पडता है। पीडित ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री एक से डेढ़ बजे के बीच आती हैं और सिर्फ हाजरी लगा कर चली जाती हैं। बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्र पर न तो पौष्टिक आहार मिल रहा है और नहीं दो महीने से केंद्र से राशन का वितरण किया गया है। इस बारे में बुद्धि मिश्रा ने बताया कि बीएलओ में ज्यादातर स्टाफ की ड्यूटी लगा दी गई है। जिसके चलते 60 से 70 प्रतिशत स्टाफ की कमी हो गई है। वहीं कुछ लोग इस का फायदा भी उठा रहे हैं। वार्ड 45 के आंगनबाड़ी केन्द्र की शिकायत मिली है, शिकायत के आधार पर जांच कराई जाएगी।

### चुनाव: स्वास्थ्य विभाग तैयार कर रहा 2500 किट

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

लोकसभा चुनाव की तैयारियां स्वास्थ्य विभाग भी जुटा है। जनपद में चुनाव को लेकर 2128 बूथ बनाए गए हैं।

इन सभी के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा फर्स्ट एड किट दी जा रही हैं। स्वास्थ्य विभाग से चीफ फार्मासिस्ट शिव कुमार माहौर ने बताया कि सेक्टर मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट और बूथों को मिला कर कुल 2500 किट की मांग की गई है जो हमें देनी हैं। किट बनाने की तैयारी विभाग ने शुरू कर दी है। किट के अंदर बुखार, उल्टी, पेट दर्द, बदन दर्द की दवा, ओआरएस के पैकेट, पट्टी आदि इसमें होंगी। जल्द ही हमारे द्वारा प्रशासन को उपलब्ध करा दी जाएंगी।

# इस बार बरसाना की लठमार होली की व्यवस्थाओं में दिखेंगे कई बदलाव

## सोमवार को बरसाना पहुंचा सरकारी अमला, तैयारियों को परखा

**लठमार होली**

8 -मंदिर के लिए की गई है वन वे मार्ग की व्यवस्था, कटारा चौक पर भी होगी लठामार



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

इस साल बरसाना में 17 मार्च को लठमार होली खेली जाएगी। लठमार होली को लेकर इस बार जिला प्रशासन की ओर से कई नये प्रयास किये गये हैं। इस बार बरसाना की लठमार होली को और व्यवस्थित किया जा रहा है, जिससे इस अवसर पर भीड के दबाव को कम किया जा सके। मंडलायुक्त ऋतु माहेश्वरी सोमवार को बरसाना पहुंची। उन्होंने बताया कि इस बार व्यवस्थाओं में कुछ परिवर्तन किये गए हैं। राधारानी जी के मंदिर पर इस दिन दर्शन की व्यवस्था में बदलाव किया गया है। श्रद्धालुओं के लिए प्रवेश और निकास की व्यवस्था अलग अलग रहेगी। जबकि पहले एक ही मार्ग रहे श्रद्धालु मंदिर तक पहुंचते और नीचे उतरते थे। इससे भीड के दबाव को कम किया जा सकेगा। वहीं लठमार होली देखने का स्थान पहले रंगली चौक था अब रंगली चौक और कटारा चौक को सम्मिलित किया गया है। जो लोग यहां तक नहीं पहुंच पाते हैं वह भी होली को देख सकें इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा ब्रज तीर्थ विकास और एमवीडीए के माध्यम से सीधा प्रसारण कराया जाएगा। पूर्व की भांति सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे और साज सजावट की जाएगी। इससे पहले मंडलायुक्त ऋतु माहेश्वरी ने बरसाना, नंदगांव की विश्व प्रसिद्ध लट्ठमार व लड्डू मार होली की व्यवस्थाओं को लेकर संबंधित विभागों के सभी अधिकारियों के साथ बरसाना स्थित लोक निर्माण विभाग के सभागार में बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी शेलेन्द्र कुमार सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश पांडेय, एमवीडीए के वीसी व एसडीएम गोवर्धन मौजूद रहे। मंडलायुक्त ने अभी तक की तैयारियों के बारे में जाना।

## होलिका दहन की लकड़ी डालने को लेकर हो गया बवाल



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

थाना जैंत क्षेत्र के गांव अल्हैपुर में होलिका दहन के लिए लकड़ी डालने को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हो गया। पुलिस के सामने ही दोनों पक्षों के लोग लाठी डंडे ईंट पत्थर लेकर झगड़ा करने लगे। पुलिस ने गालीगलौज, मारपीट, धमकाने व हवाई फायरिंग को लेकर 18 नामजद व 40 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थाना प्रभारी जैंत अजय वर्मा ने बताया थाना क्षेत्र के गांव अल्लैहपुर में होलिका दहन के लिए लकड़ी डालने को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हो गया। पुलिस के सामने ही दोनों पक्षों के लोग झगड़ा करने लगे। जिनमें से किसी ने हवाई फायरिंग भी की। एसआई पवन कुमार द्वारा दोनों पक्षों से 18 नामजद व 40 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। प्रथम पक्ष से अशोक शर्मा, राधारमण, सत्यप्रकाश, मनीराम व द्वितीय पक्ष से रणवीर, राजीव व रामवीर निवासी अल्लेहपुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## अब की बार 4 सौ पार: पंवार



**पानीपत कमाल हुसैन /टीम एक्शन इंडिया**

राज्य सभा सांसद कृष्ण लाल पंवार ने गांव मडलौडा, सुताना, भादड,कालखा, लोहारी,भंडारी और आलुपुर में आयोजित नुक्कड़ सभाओ में ग्रामवासियों से भेंट कर उनका कुशलक्षेम जाना तथा गांव के विकास से सम्बन्धित विभिन्न विषयों पर चर्चा की। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही जनकल्याणकारी नीतियों से सभी को अवगत करवाया।

उन्होंने कहा कि अबकी बार जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों पर मोहर लगाते हुए अबकी बार 400 पार के नारे को बुलंद करेगी। लोकसभा में 400 सीटों से ज्यादा जीत हासिल होगी।

कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि ग्रामवासियों का आत्मीय स्नेह व सहयोग मुझे निरंतर मिलता है जिससे मुझे नई ऊर्जा मिलती रहती है। ग्रामीणों का स्नेह मेरा संबल और शक्ति है। सभी का विश्वास मेरी ऊर्जा है। इस मौके पर उनके साथ पार्षद लोकेश नांगरू, राम मेहर मलिक, सोमवीर मलिक, राजेंद्र भादड़ ,योगेश भादड़ इत्यादि उपस्थित रहे।

## छटीकरा में गरू गोविंद भगवान का हुरंगा 19 मार्च को

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

गांव छटीकरा में सैंकड़ों वर्षों से चले आ रहे परंपरागत हुरंगे का आयोजन 19 मार्च को कराया जाएगा। भगवान ठाकुर गरुड़ गोविंद जी महाराज के प्रांगण में ढोल नगाड़ों की धुन पर हजारों भक्त इस परंपरागत हुरंगे के प्रतिभागी बनेंगे और भक्तों के द्वारा होली के पर्व की शुरूआत भगवान के समक्ष होली खेलकर की जाएगी। भगवान गरूण गोविंद के अंगसेवी पंडित दीपक गौतम ने बताया कि यह हुरंगा प्रत्येक वर्ष होलिकोत्सव से पूर्व पड़ने वाली एकादशी तिथि को खेला जाता है। अंगसेवी दीपक गौतम ने सभी भक्तों से अनुरोध करते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर भगवान के प्रति अपना प्रेम समर्पित करें और हुरंगे की शोभा बढ़ाएं।

## मोदी व मनोहर की राम-राम जी का संदेश लेकर लोगों के बीच पहुंचे रामकुमार कश्यप

**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**



मोदी व मनोहर की राम.राम जी का संदेश लेकर लोगों के बीच पहुंचे विधायक रामकुमार कश्यप ने विधानसभा क्षेत्र के गांव कलरी जागीर, खुखनी, चंद्राव, मुखाली आदि इन गांवों के लोगों को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के संदेश के बारे जानकारी दी। इस मौके पर उन्होंने गांव चंद्राव में राजपूत भवन का शिलान्यास और गांव मुखाली में बारात घर का उद्घाटन भी किया। उन्होंने लोगों को केन्द्र व प्रदेश की जनहित नीतियों एवं योजनाओं से अवगत भी कराया।

विधायक रामकुमार कश्यप ने इस दौरान लोगों को बताया कि नरेन्द्र मोदी व मनोहर लाल की डबल इंजन की सरकार मिलकर जनता के हित में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र में प्रदेश की सरकार ने जनता के हित में अनेक योजनाएं चलाई हैं। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में केंद्र व प्रदेश सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। आज महिलाएं स्वयं सहायता समूह से जुडकर अपना व अपने परिवार का गुजारा कर रही है, बल्कि वे इसके तहत घर से बाहर निकलकर अपना व्यवसाय भी चला पा रही हैं तथा अपने परिवार का भरण-पोषण कर रही हैं।

विधायक रामकुमार कश्यप ने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में भाजपा की सरकार ने प्रदेश में विकास एवं जनहित नीतियों को लागू करके नित नए-नए आयाम स्थापित कर बड़ा ही कीर्तिमान स्थापित किया है।

## प्रधानमंत्री मोदी-मनोहर तथा योगी इस युग के संत हैं : हरविन्द्र कल्याण

**सभा**

8 विधायक सुहाना और वीर राईस मिल कॉलोनी घरौंडा में सभा को सम्बोधित कर रहे थे।



**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

घरौंडा विधायक हरविंद्र कल्याण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ असल में संत हैं, उनकी देखरेख में ही देश व प्रदेश उन्नति के पथ पर अग्रसर है। विधायक सोमवार को सुहाना और वीर राईस मिल कॉलोनी घरौंडा में प्रवास के दौरान सभा को सम्बोधित कर रहे थे।

विधायक ने कहा कि विपक्ष जो 7000 रुपये पेंशन और फ्री बिजली देने व कर्जा माफ करने के झूठे नारे दे रहा है, अब लोग उनके बहकावे में आने वाले नहीं। अब हर व्यक्ति जागरूक हो चुका है। पहले विपक्ष ने इन्हीं झूठे नारों पर अपनी सरकारें बनाईं और देश व प्रदेश को लूटने का काम किया। विपक्ष पहले इस बात का जवाब दे कि अपने 10 साल के शासनकाल में कांग्रेस ने हरियाणा के बिजली विभाग को 30 हजार करोड़ के घाटे में पहुंचा दिया था और उस समय बिजली के लिए जनता त्राहिमाम करती थी, तब विपक्ष व्यवस्था में सुधार क्यूं नहीं कर पाया और अब बड़े-बड़े झूठे वादे क्यूं कर रहा है लेकिन मोदी-मनोहर सरकार में गांव-गांव तक 24 घंटे बिजली सेवा दी जा रही है। भाजपा सरकार के कार्यकाल में गरीब और काबिल बच्चों को बिना किसी नेता के चक्कर लगाए, बिना किसी पर्ची और खर्ची के नौकरी मिली है।

विधायक कल्याण ने कहा कि राम मंदिर निर्माण ने ये साबित कर दिया कि पहली बार देश में ऐसी सरकार आई है, जिसने गुलामी की मानसिकता से देश को ऊपर उठाया है और देश हित में काम करते हुए हर वर्ग के भले में काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि घरौंडा क्षेत्र मे भाजपा सरकार के सवा 9 साल में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में वो सभी सुविधाएं मिली हैं, जिनके लिए क्षेत्र के लोग 30 साल से वंचित थे।

इस अवसर पर एडवोकेट धीरज, मंडल महामंत्री सतबीर गोस्वामी, नगर पालिका चेयरमैन हैप्पी गुप्ता, पार्षद अश्वनी राणा, अजीत जैन, सुधीर राणा, सरपंच विक्रम, पूर्व सरपंच जगबीर, अजीत, सरपंच मेघराज, हरिसिंह गिल, मेवा पाल, जयकुमार शर्मा समिति सदस्य आदि उपस्थित रहे।

## फरवरी में 19 थैलीसीमिया मरीजां को चढाया गया खून

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

रक्तदान महादान है। रक्तदान से जीवन बचाया जा सकता है। लगातार प्रचार प्रसार और जागरूकता के प्रयासों से लोगों के बीच रक्तदान को लेकर फैली तमाम भ्रांतियों का निवारण हुआ है। लोग लगातार रक्तदान करने के लिए आगे आ रहे हैं। जिसका परिणाम यह है कि जिला चिकित्सालय की ब्लड बैंक में इस समय पर्याप्त मात्रा में सभी ग्रुपों का ब्लड मौजूद हैं। ब्लड बैंक प्रभारी जिला चिकित्सालय मथुरा डा. ऋतु रंजन ने बताया कि रक्तदाताओं के रक्तदान के चलते अभी ब्लड बैंक में अधिकांश ग्रुप के ब्लड की पर्याप्त उपलब्धता है। नेगेटिव ग्रुप के ब्लड की कमी है, रक्तदाताओं से अपील है जिन का ब्लड ग्रुप नेगेटिव है वह रक्तदान करें। जिला अस्पताल की ब्लड बैंक से फरवरी माह में जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत 14 गर्भवती महिलाओं को ब्लड बैंक द्वारा निःशुल्क उपलब्ध कराया गया। थैलेसीमिया के 19 मरीजों को निशुल्क ब्लड उपलब्ध कराया गया।

फरवरी माह में जिला अस्पताल स्थित ब्लड बैंक से 149 मरीजों को ब्लड उपलब्ध कराया गया। जो लोग निजी स्तर से ब्लड लेने आते हैं उनके लिए ब्लड की कीमत 1050 रुपये है। वहीं प्लाज्मा और प्लेटलेट्स 300 रुपये प्रति युनिट उपलब्ध कराई जाती है। ब्लड बैंक प्रभारी जिला चिकित्सालय मथुरा डा. ऋतु रंजन ने बताया कि ब्लड बैंक में नेगेटिव ग्रुप के ब्लड की कमी है। ब्लड बैंक से जो भी मरीज सरकारी अस्पतालों में भर्ती हैं उसके लिए निःशुल्क ब्लड, प्लेटलेट्स और प्लाज्मा उपलब्ध कराया जाता है। वहीं थैलेसीमिया और जननी सुरक्षा योजना, कैंसर और इमरजेंसी के अंतर्गत आने वाले मरीजों को बिना दाता के भी ब्लड दिया जाता है।

## लूट में वांछित दूसरे आरोपी को भी मुठभेड़ के बाद दबोचा

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

थाना छाता पुलिस ने छाता से पैगांव रोड सेवलगढ तिराहा से लूट के वांछित अभियुक्त मोहन श्याम पुत्र नन्नू निवासी शिवाल थाना बरसाना को छाता से पैगांव रोड सेवलगढ तिराहा के पास से पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से लूट की एक मोटर साइकिल, एक तमंचा, दो जिन्दा व एक खोखा कारतूस बरामद किया है। प्रभारी निरीक्षक थाना छाता त्रिलोकी सिंह ने बताया कि आठ फरवरी को हरी सिंह पुत्र शिव सिंह उर्फ शिब्बो निवासी तरौली जनूबी थाना छाता मथुरा की तहरीर के आधार पर तीन अज्ञात लुटेरों के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था। हरी सिंह की मोटर साइकिल हीरो स्पलेन्डर रंग काला व एक मोबाइल को लूटकर लिया गया था। 14 फरवरी को पुलिस मुठभेड़ में शेरगढ़ रोड टयूब बेल की ओर जाने वाले चकरोड के पास से अभियुक्त लाल सिंह पुत्र भिखो गुर्जर निवासी ग्राम मुरार थाना कामा जिला डींग राजस्थान को गिरफ्तार कर लिया था।

## पाइट में महफिल ए सरताज में झूमा पानीपत

**समालखा कमाल हुसैन /टीम एक्शन इंडिया**

सुरों के सरताज डॉ.सतिंदर सरताज के गीतों पर पूरा पानीपत झूम उठा। तीन घंटे तक सतिंदर सरताज ने अपने सुरों की बारिश से हर किसी को भिगो दिया। पानीपत के नाम की बार बार अरदास भी लगाते रहे।



यहां पाइट कॉलेज में मेस्ट्रोज उत्सव के अंतिम दिन सरताज ने हर किसी को नचाया तो सूफी गीतों से खूब मग्न किया। जब उन्होंने साईं की तान छेड़ी तो हर कोई उन्हीं की रो में बहते चले गए। इश्क में डूबे प्रेमियों के नाम गीत सुना गुदगुदाया। जब वह ताली बजाते तो हजारों लोग उनका साथ देते, जब वह किसी गीत का मुखड़ा सुनाते तो दूसरी ओर से पूरा गीत सुनाई देता। सजन राजी हो जाए, रोला नहीं पाइदा पागला पर जैसे सभी उनके साथ हो गए। सरताज की इस महफिल में पानीपत, करनाल के एसपी, एसडीएम, मेजिस्ट्रेट, प्रशासनिक अफसर, चेयरमैन हरिओम तायल, सचिव सुरेश तायल, वाइस चेयरमैन राकेश तायल, बोर्ड सदस्य शुभम तायल, निदेशक डॉ. जेएस सैनी, डीन डॉ.बीबी शर्मा ने सभी का स्वागत किया।

*नाचा, हंसा और खिलखिलाया हर चेहरा*

सरताज की महफिल में हर कोई हंसा, नचा और खिलखिलाया। हिंदी गीतों का भी पंजाबी में खूब प्रयोग करते हुए दर्शकों से रूबरू हुए। जब ऐसे चिकने चेहरे तो कैसे न नजर फसिले गीत गुनगुनाते हुए बोले कि हरियाणा के ऐसे चिकने चेहरों पर कैसे न नजर फसिले। पानीपत और पाइट का मंच पर बार-बार नाम लिया।

## द्वारका एक्सप्रेस वे के उद्घाटन के लिए सीएम ने जताया प्रधानमंत्री का आभार

**मुख्यमंत्री ने कहा**

8 कई क्षेत्रों में हरियाणा अव्वल,
युवाओं को मेरिट के आधार पर दी जा रही हैं नौकरियां



**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि कई क्षेत्रों में हरियाणा देश के अन्य राज्यों के मुकाबले आगे है। सात एस यानि शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, स्वावलंबन, सेवा, स्वाभिमान और सुशासन को लेकर और तेजी से आगे बढ़ा जायेगा। भ्रष्टाचार को मिटाने के लिये सरकार ने कई कदम उठाये हैं। आज नौकरियां मेरिट के आधार पर दी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि समाज के प्रति जो दृष्टिकोण भाजपा का है, वह अन्य दलों का नहीं। भाजपा के लिये देश व समाज पहले हैं।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल आज करनाल में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे।

उन्होंने प्रधानमंत्री द्वारा द्वारका एक्सप्रेस वे का उदघाटन करने के लिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ने विकास कार्यों के लिये आज राज्य सरकार की भूरी-भूरी सराहना की है। हरियाणा कई मामलों में देश के अन्य राज्यों से आगे है। प्रदेश की आबादी 2 प्रतिशत और एरिया डेढ़ प्रतिशत होने के बावजूद देश की जीडीपी में योगदान चार प्रतिशत है। इसमें प्रदेश के किसान, जवान और पहलवान का भी विशेष योगदान है। उन्होंने कहा कि आज करनाल ने भी हरियाणा के मानचित्र पर स्थान बना लिया है। हालांकि जीटी रोड पर कुरूक्षेत्र, अंबाला, पानीपत और सोनीपत का अपना नाम है। आज देश व प्रदेश का वातावरण बदला है। समाज के प्रति जो दृष्टिकोण भाजपा का है, वह अन्य दलों का नहीं। भाजपा के लिये देश व समाज पहले है। दस साल पहले विश्व के 200 देशों में जब गिनती होती थी, तब भारत का नंबर नीचे से 5वां मिलता था, लेकिन प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज भारत की गणना विश्व के श्रेष्ठ 5 देशों में होती है। वर्ष 2031 तक आर्थिक दृष्टि से भारत विश्व में तीसरे स्थान पर होगा। प्रति व्यक्ति आय, कर संग्रहण, इन्फ्रास्ट्रक्कर और आर्थिक खुशहाली के मामले में हरियाणा अव्वल है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में स्वच्छ वातावरण बनाने का समय आया है। सात एस यानि शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, स्वावलंबन, सेवा, स्वाभिमान और सुशासन को लेकर सबके सहयोग से आगे बढ़ा जायेगा। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार को मिटाने के लिये नौकरी, ट्रांसफर, इंटरव्यू, सीएलयू लाईसेंस आदि की व्यवस्था में कई तरह का परिवर्तन किया है। युवाओं को मेरिट के आधार पर नौकरियां दी जा रही हैं। पढ़ाई के बाद युवाओं को राज्य में कौशल प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## नैशनल आइकॉन अवार्ड से सम्मानित हुई देश की महान हस्तियां

**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**



एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया एंव ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल फेडरेशन के छठे स्थापना दिवस पर नैशनल आइकॉन अवार्ड समारोह के महाभव्य आयोजन में फिल्म अभिनेत्री पूनम ढिल्लों एंव रश्मि देसाई ने सेलिब्रिटी गेस्ट के रूप में शिरकत की। फाउंडर व नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा के नेतृत्व में आयोजित एक ऐतिहासिक कार्यक्रम को देखकर सभी ने भूरि-भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. रणजोध सिंह व नैशनल चीफ प्रवीण कुमार बंसल ने की। वीवीआईपी गेस्ट के रूप में सहारनपुर विधायक राजीव गुम्बर, इंटरनेशनल डायरेक्टर बृज भूषण बॉबी व रामनारायण साहू, राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष डॉ. निशा गुप्ता, नैशनल चेयरमैन व्यापार प्रकोष्ठ पवन शर्मा, नैशनल चीफ डायरेक्टर राखी गर्ग, डॉ. बरनाली शर्मा, बिपुल हजारिका, राष्ट्रीय संयोजक अजय सोनी, राजेश गर्ग, महाराज श्रवण कुमार योगी, विशाल काठ, गौरव गाबा, राष्ट्रीय निदेशक पंकज गर्ग, विकास जैन, योगेश गोयल, सुमित सिंगला, सुनील गुप्ता, नैशनल वाईस चेयरमैन विजय जैन, संजीव सीकरी, पायल मित्तल, सावी चौधरी, कृष्णा गुप्ता, शैलजा गुप्ता उपस्थित रहे।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 12 मार्च 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# लखनऊ के विकास का श्रेय योगी आदित्यनाथ को: राजनाथ

## सीएम योगी संग रक्षा मंत्री ने 3666 करोड़ की 206 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ: रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि लखनऊ संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में जो कुछ भी हुआ है, वह योगी जी के सहयोग से हो रहा है। उनके सहयोग के बिना यह कार्य संभव नहीं हो पाते। यहां के विकास का श्रेय योगी आदित्यनाथ को है। यह हमारा करिश्मा नहीं है, बल्कि सांसद के कारण मैंने सहयोगी की भूमिका निभाई है। यहां के जनप्रतिनिधि जो कहते गए, वो होता गया। रक्षा मंत्री ने कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ अभी मंच पर भी पूछ रहे थे कि यदि कोई और काम छूटा हो तो बताइए। सीएम योगी को बधाई देते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि लखनऊ तेजी से समृद्धि के पथ पर अग्रसर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व रक्षा मंत्री/लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह ने सोमवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 3666 करोड़ की 206 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण



व शिलान्यास किया।

**रक्षा मंत्री ने गिनाए शिलान्यास कार्य:** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शिलान्यास कार्य गिनाए। बताया कि अवध चौराहे पर अंडरपास, गोसाईगंज-बनी-मोहन मार्ग पर अनूपगंज में रेलवे क्रॉसिंग संख्या-188 स्पेशल पर 4 लेन रेल उपरिगामी सेतु, किसान पथ से भटगांव डिफेंस नोड संपर्क मार्ग, पक्का पुल से डालीगंज व गोमती नदी के ब्रिज तक 2 लेन आरओबी कम फ्लाईओवर, हनुमान सेतु से समतामूलक चौराहे तक रोड कनेक्टिविटी के लिए निशातगंज बंधे का चौड़ीकरण, सरोजनीनगर में 100 बेड का क्रिटिकल केयर ब्लॉक, एसजीपीजीआई में 500 बेड का एडवांस पीडियाट्रिक सेंटर (फेज-एक), ग्रीन कॉरिडोर के अंतर्गत निशातगंज में सेतु का शिलान्यास हो रहा है। आज लखनऊ नगर के इतिहास का सबसे महत्वपूर्ण दिन है। लखनऊ नगर के चारों ओर 5500 करोड़ से 104 किमी. की आठ लेन की आउटर रिंग रोड का लोकार्पण किया जा रहा है।

### साकार हुई कल्पना, यूपी की धरती पर बनेगी ब्रह्मोस मिसाइल

**यह** कॉरिडोर प्रारंभ होने जा रहा है। रक्षा मंत्री ने अपील की कि कानपुर हाईवे से हरदोई मार्ग तक केवल 15 दिन हल्की गाड़ियां ही चलें, भारी वाहन बिल्कुल भी नहीं। आउटर रिंग रोड चालू होने के बाद अनुमानतः एक लाख वाहन प्रतिदिन बाहर ही बाहर निकल जाएंगे। नगर वासियों को जाम से मुक्ति मिल जाएगी। यह आउटर रिंग रोड नगर निगम की वृहद आर्थिक उन्नति की गति को तेज करेगा। इसके किनारे कई योजनाएं प्रस्तावित हैं। लखनऊ-कानपुर हाईवे के अंतर्गत छह लेन की 66 किमी. लंबे एक्सप्रेसवे का तेजी से निर्माण हो रहा है। बनी तक कानपुर हाईवे को छह लेन चौड़ा किया जा चुका है। अगले वर्ष एक्सप्रेसवे निर्माण पूरा होने पर लखनऊ से

**राहत**

**गांव तक पहुंचने वाले 48 लिंक मोटर मार्ग अभी भी अवरुद्ध चल रहे हैं। लोगों को राहत सामग्री भी बांटी जा रही**

कानपुर की दूरी 40-45 मिनट में पूरी होगी। इसी के साथ पर्यटकों के लिए होटल इंडस्ट्री व हॉस्पिटल इकाइयां होंगी।

रक्षा मंत्री ने कहा कि उप्र के लोगों ने कल्पना नहीं की होगी कि ब्रह्मोस मिसाइल यूपी की धरती पर बनेगी। यह काम भी बहुत जल्द पूरा हो जाएगा। हमारा पड़ोसी मोहनलालगंज भी कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रहा है। रक्षा मंत्री ने बताया कि विश्व स्तरीय एजेंसी नाइट फ्रैंक आर्थिक उन्नति की गतिविधियों का अध्ययन कर विभिन्न पहलुओं पर तिमाही रिपोर्ट प्रकाशित करती है। उस एजेंसी ने कहा कि ऐसे शहरों की सूची, जिनमें शहरी क्षेत्र की भूमि के मूल्यों में सर्वाधिक तेजी से वृद्धि हुई है, लखनऊ नगर विश्व में उच्चतम वृद्धि दर वाले दस शहरों में शामिल है।

रक्षा मंत्री ने बताया कि 20 फ्लाईओवर स्वीकृत हैं। 12 बन चुके हैं, शेष भी बन जाएंगे। अप्रैल अंत तक मुंशी पुलिया व खुर्रमनगर में दो फ्लाईओवर पूरे हो जाएंगे। लखनऊ के कौशल महोत्सव में अभी कल ही लखनऊ व आसपास के 6300 लोगों को रोजगार मेले में नियुक्ति पत्र मिला है।

फास्ट न्यूज

### महिलाओं का सशक्तिकरण समाज का सशक्तिकरण: उप मुख्यमंत्री शुक्ल

**भोपाल: उप** मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि महिलाओं का बेहतर स्वास्थ्य और अच्छी शिक्षा पूरे परिवार के लिए लाभप्रद है। महिलाओं का सशक्तिकरण समाज का सशक्तिकरण है। स्वस्थ और शिक्षित महिला पूरे परिवार को मजबूत करती है। स्वस्थ और सशक्त भारत की यह आधारशिला है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता इलाज की सुविधाओं के समान महत्व रखती है। सही समय में जाँच और योग, व्यायाम को दिनचर्या में शामिल करने से कई रोगों से बचा जा सकता है।उप मुख्यमंत्री शुक्ल सोमवार को भोपाल स्मारक अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र (बीएमएचआरसी) में "महिला स्वास्थ्य-एक समग्र दृष्टिकोण" परिचर्चा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के निर्माण में महिलाओं का सशक्तीकरण मूलभूत विषय है। जिस पर सरकार लगातार कार्य कर रही है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम, महिलाओं के राजनीतिक सशक्तीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

### गाजीपुर बस हादसे में विद्युत विभाग के तीन कार्मिक निलंबित, एक की सेवा समाप्त

**लखनऊ: गाजीपुर जिले में हुई बस हादसे मा**मले में नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने विद्युत विभाग के तीन अधिकारियों को निलंबित कर, एक कार्मिक की सेवा समाप्त कर दी है। वहीं ऊर्जा मंत्री ने बस हादसे पर दुःख व्यक्त करते हुए मृतकों की आत्मा को शांति प्रदान करने एवं परिजनों को संबल देने की ईश्वर से प्रार्थना की है। उल्लेखनीय है कि गाजीपुर जिले में सोमवार को एक बस के हाई टेंशन बिजली के तार के संपर्क में आने से दुःखद हादसा हुआ है।

### बैंक सखी बनकर लखपति हुई शाजापुर जिले की संजू



**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल:** किसी भी समाज को सशक्त बनाने के लिए सबसे अधिक जरूरी है कि महिलाएं आर्थिक और सामाजिक रूप से समृद्ध हों। महिलाओं के सशक्तिकरण के बिना समृद्ध समाज की कल्पना नहीं की जा सकती।

मध्यप्रदेश की महिलाएं आज स्वावलंबन के रास्ते पर चलकर खुद की आजीविका स्थापित करने में सफल हुई हैं। ऐसी ही एक सशक्त महिला हैं शाजापुर

**स्वावलंबन**

**महिलाएं आज स्वावलंबन के रास्ते पर चलकर खुद की आजीविका स्थापित करने में सफल हुई हैं**

जिले की ग्राम पंचायत गोविंदा निवासी संजू मालवीय। यह जानकारी सोमवार को जनसम्पर्क अधिकारी घनश्याम सिरसाम ने दी।



राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को प्रभु श्रीरामलला के नव्य-भव्य मंदिर में अपनी कैबिनेट के सदस्यों साथ विधि-विधान से दर्शन पूजन किया।

### 'आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के करीब ले जाती है मिशन दिव्यास्त्र की सफलता'

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिशन दिव्यास्त्र के अंतर्गत अग्नि 5 मिसाइल की पहली सफल उड़ान के लिए डीआरडीओ के वैज्ञानिकों को बधाई दी है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सोमवार शाम को लिखे अपने संदेश में इसे रक्षा क्षमताओं के मामले में भारत के आत्मनिर्भर होने की दिशा में मील का पत्थर बताया है।

मुख्यमंत्री ने लिखा है, "स्वदेशी रूप से विकसित अग्नि-5 मिसाइल का पहला उड़ान परीक्षण 'मिशन दिव्यास्त्र' के लिए डीआरडीओ के समर्पित वैज्ञानिकों

**तकनीक**

**स्वदेशी मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टारगेटेबल री-एंट्री व्हीकल (एमआईआरवी) तकनीक शामिल है**

को हार्दिक बधाई।

इस महत्वपूर्ण मील के पत्थर में स्वदेशी मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टारगेटेबल री-एंट्री व्हीकल (एमआईआरवी) तकनीक शामिल है, जो हमारे वैज्ञानिक समुदाय के नवाचार और प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है।

### एकता भक्ति श्रद्धा और समरसता का अद्भुत संगम है अयोध्या धाम: राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष

**टीम एक्शन इंडिया**

**अयोध्या/जयपुर:** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सोमवार को अयोध्या में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा मंत्रीमण्डल के सदस्यगण सांसद व विधायकगण के साथ श्री राम मंदिर के दर्शन किये। मंदिर में पूजा अर्चना कर देश व प्रदेश की खुशहाली व समृद्धि की कामना की। देवनानी अयोध्या में श्री अखिल भारतीय माहेश्वरी सेवा सदन द्वारा बनाये जाने वाले सरस्वती देवी शिव किशन दम्मानी भवन के भूमि पूजन व शिलान्यास समारोह में भी सम्मलित हुए। अयोध्या में हनुमानगढी मंदिर और पवित्र सरयू नदी के भी दर्शन किये। उन्होंने कहा कि मंदिर नव्य, भव्य, दिव्य और अभूतपूर्व है।




